'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष : 02 | अंक : 69 | पृष्ठ 08 | मूल्य 01 रूपए | सोमवार ,10 मार्च 2025 | samachargate@gmail.com



## योग शिविर समापन पर 21 कुण्डीय पर्यावरण शुद्धि महायज्ञ का आयोजन




**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** आज पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार के तत्वाधान में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पार्क, सेक्टर- 48 एसजीएम नगर फरीदाबाद में आयोजित सप्त दिवसीय योग चिकित्सा शिविर का सफल समापन हो गया` योगाभ्यास के उपरान्त 21कुण्डीय पर्यावरण शुद्धि महायज्ञ किया गया जिसका सम्पादन योगाचार्य जयपाल शास्त्री एवं निष्ठा आर्या आचार्यकुलम पतंजलि योगपीठ ने कराया` योग शिविर में योगाचार्य जयपाल शास्त्री ने स्वस्थ जीवन शैली, घरेलू चिकित्सा, एक्यूप्रेशर, आयुर्वेद सम्बन्धी जानकारी के साथ बिभिन्न रोगों में लाभकारी योगासन, प्राणायाम आदि यौगिक क्रियाओं का प्रशिक्षण दिया तथा नियमित योग कक्षा संचालित करने की प्रेरणा दी` इस अवसर पर मास्टर तेजपाल शर्मा, अंकुर सिंह ,रिंकू मल्होत्रा, अनिल कपूर, योगाचार्य मीनू सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही` शिविर संयोजक राजेश सिंह ने अभ्यागत अतिथि महानुभावों का शाल एवं अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया` शिविर के सफल आयोजन में दुर्गेश, अमित, रवि,

जी.आर.पाण्डेय, कपूरचंद , ओमपाल, गौतम, सतीश, योगेन्द्र, विजय, हिमांशु, विजय लक्ष्मी रावत, हेमा, अंशी रावत, संध्या, रामरती, अंजू रावत, रेनू, पार्वती, इंद्रा, कंचन व सोनी आदि ने महत्त्वपूर्ण योगदान दिया` योग साधकों ने हवन के पश्चात फूलों की होली खेलकर एक दूसरे को बधाई दी।

## पूर्व विधायक ललित नागर को भातृशोक

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** तिगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ललित नागर के छोटे भाई महेश नागर का लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे 55 वर्ष के थे और अपने पीछे पत्नी, दो बेटों, एक बेटी सहित भरा पूरा परिवार छोडकड्ट गए है। आज महेश नागर का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव भुआपुर के श्मशान घाट में किया गया, जहां उनके दो बेटों अंकित नागर व नितेश नागर ने उन्हें मुखाग्रि दी। गौरतलब है कि महेश नागर कैंसर जैसी घातक बीमारी से ग्रस्त थे और पिछले कई महीनों



से उनका इलाज मेदांता अस्पताल से चल रहा था। आज महेश नागर के अंतिम संस्कार में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, रोहतक के सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ.उदयभान, कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, राज्यमंत्री राजेश नागर, विधायक पंडित मूलचंद शर्मा, कांग्रेस विधायक रघुबीर सिंह तेवतिया, कांग्रेस विधायक आफताब अहमद, विधायक जोगेंद्र अवाना, विधायक सतीश फागना, पूर्व विधायक धर्मसिंह छोकर, पूर्व विधायक सतबीर सिंह गुर्जर, पूर्व विधायक नीरज शर्मा, नगेंद्र भड़ाना, चेयरमैन गजराज सिंह नागर, चंदर भाटिया, गुर्जर महासभा अध्यक्ष जगबीर सिंह नागर, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन सिंगला,

विजय प्रताप सिंह, यशपाल नागर, जेपी नागर, पूर्व पार्षद राजेश तंवर सहित शहर के राजनेताओं, सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकरियों, शिक्षाविदों सहित हजारों नम आंखों ने स्व. महेश नागर को अंतिम विदाई दी और उनके निधन पर शोक जताते हुए परमपिता परमात्मा से नागर परिवार को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

## देश व प्रदेश को समृद्ध बनाने में व्यापारियों का बहुत बड़ा योगदान- विपुल गोयल

### व्यापार को नई गति मिल सके इसके लिए कई योजनाएं लाई जाएंगी-राजेश नागर

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद ऑयरन एण्ड स्टील टेड्रस एसोसिएशन(फिस्टा) की वार्षिक आम सभा बडखल रोड़ स्थित सल्तनत गार्डन में संपन्न हुई। इस सभा में हरियाणा के केबीनेट मंत्री विपुल गोयल,राज्यमंत्री राजेश नागर मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर फिस्टा के प्रधान सीपी कालरा,उपप्रधान मुकेश बंसल,महासचिव राकेश गुप्ता,संयुक्त सचिव देवेन्द्र गर्ग,कोषाध्रूख रिन्कू बंसल व कार्यकारिणी सदस्य अमन गुप्ता,अंकुर गोयल,भारत कालरा,बीएस देशवाल,सूयाश लोहिया व विवेक बंसल ने सभा में आमंत्रित अतिथिगणों का स्वागत फूलों को गुलदस्ता भेंट कर व शॉल ओढ़ाकर किया। इस अवसर पर




फिस्टा के प्रधान सी.पी कालरा ने अपने संबोधन में लोहा मण्डी की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। इस मौके पर विपुल गोयल ने कहा कि देश व प्रदेश को समृद्ध बनाने में व्यापारियों का बहुत बड़ा योगदान होता है और यदि व्यापारियों को कोई समस्या आती है तो यह सरकार के वित्तीय ढांचे को भी प्रभावित कर सकती है। उन्होनें कहा कि भाजपा सरकार हमेशा ही व्यापारियों की हितैषी रही है और समय समय पर ऐसी योजनाएं लाती रही है जिससे व्यापारियों को लाभ मिल सके। उन्होनें कहा कि व्यापारियों को अब किसी भी प्रकार की चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है क्योकि केन्द्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार है और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी देश व प्रदेश को विकास की नई ऊचाईयों पर ले जाने के लिए कटिबद्व है। इस मौके पर राज्यमंत्री राजेश नागर ने भी व्यापारियों को आश्वासन दिया कि अब उनकी समस्याओं को जड़ से खत्म करने की दिशा में काम किया जाएगा और उनके व्यापार को नई गति मिल सके इसके लिए भी कई योजनाएं उनके लिए लाई जाएंगी। इस अवसर पर दोनों मंत्रियों द्वारा फिस्टा की डायरेक्टरी का भी विमोचन किया गया। इस मौके पर प्रधान सीपी कालरा ने कहाा कि इस आम सभा का मुख्य उदेश्य लोहामंडी की एसोसिएशन के सदस्यों की समस्याओं के बारे में विचार विमर्श करना तथा जहां उचित हो उस समस्या से संबधित विभाग से चर्चा करके उसका हल निकालना है। इस मौके पर फिस्टा के कोषाध्यक्ष रिन्कू बंसल द्वारा फिस्टा के वर्ष 2023-24 का वार्षिक लेखा जोखा पेश किया गया

जिसे उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पास किया। कार्यक्रम के अंत में महासचिव राकेश गुप्ता ने सभी उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कहा कि हम सभी भविष्य में भी उनके सहयोग की अपेक्षा करते है ताकि आने वाली कार्यकारिणी अपने उदेश्यों में सफल हो सके। इस अवसर पर नेहरू ग्राऊड लोहा मंडी और सेक्टर-59 लोहा मंडी के व्यापारी भारी संख्या में मौजूद थे।

## योग शिविर में योगिनी बहनों को किया सम्मानित

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** विश्व महिला दिवस पर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पार्क, सेक्टर- 48 एसजीएम नगर में पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार द्वारा संचालित योग चिकित्सा शिविर में मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री समाजसेवी बहन श्रीमती नीरा तोमर ने विश्व महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में महिलाओं का स्थान सदा से ही ऊंचा रहा है ।जहां नारियों को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है वहां दिव्य शक्तियों का निवास होता है। एक महिला का स्वस्थ रहना बहुत आवश्यक है क्योंकि महिला परिवार की मजबूत कड़ी होती है इसलिए सभी बहनों को योग अवश्य करना चाहिए। योग को घर घर तक पहुंचाने का कार्य योग गुरु स्वामी रामदेव जी महाराज




ने किया है, हम उनके आभारी हैं । विश्व महिला दिवस को ध्यान में रखते हुए समाजोत्थान में योग के माध्यम से जागरण का कार्य कर रही योगिनी बहन हेमा, अंशी रावत, संध्या, रामरती, अंजू रावत, रेनू, पार्वती, इंद्रा, कंचन व सोनी को योगाचार्य जयपाल शास्त्री एवं भाजपा नेत्री नीरा तोमर ने पतंजलि अंगवस्त्र व उत्पाद देकर सम्मानित किया। योग शिविर व्यवस्थापक टीम ने श्रीमती नीरा तोमर जी को अंगवस्त्र, शाल, महारानी लक्ष्मीबाई का चित्र भेंट कर पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया । इस अवसर पर राजेश सिंह, दुर्गेश, अमित, रवि, जीआर पाण्डेय, कपूर, ओमपाल, गौतम, सतीश, योगेन्द्र, विजय, हिमांशु आदि की गरिमामय उपस्थिति रही` योगाचार्य जयपाल शास्त्री ने बताया कि योग शिविर समापन पर रविवार को 21 कुण्डीय पर्यावरण शुद्धि महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा

## रॉयल डी.सी ने ब्रांड कैटल को 127 रन से हराया

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** 25इँ रविंदर फागना सिल्वर जुबली कैश प्राइज मिक्स कॉरपोरेट कप टूनार्मेंट 2024झ25, रविंदर फागना क्रिकेट ग्राउंड भूमि पाली फरीदाबाद पर खेला गया। और यह मैच रॉयल डी.सी ओर ब्रांड कैटल के बीच खेला गया। इस मैच में रॉयल डी.सी ने ब्रांड कैटल को 127 रन से हराया। यह मैच 20 ओवर का था और रॉयल डी.सी ने पहले टॉस जीत कर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। रॉयल डी.सी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 251 रन का लक्ष्य दिया। रॉयल डी.सी की ओर से पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्वाण अत्री ने 44 गेंदों में 4 चौके, 3 छक्के की मदद से 59 रन, वंश ठाकुर ने 29 गेंदों में 7 चौके, 5 छक्के की मदद से 67रन बनाए। ब्रांड कैटल की ओर से




गेंदबाजी करते हुए अक्षय ने 4 ओवर में 49 रन देकर 2 विकेट, ललित ने 4 ओवर मे 49 रन देकर 2 विकेट, अमन त्रिपाठी और अनिल कुमार ने 1झ1 विकेट हासिल किया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम ब्रांड कैटल ने 13.5 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 124 रन बनाकर हार का सामना करना पड़ा। ब्रांड कैटल की ओर से बल्लेबाजी करते हुए तेजपाल ने 22 गेंदों पर 6 चौके की मदद से 29 रन, समर्थ मिश्रा ने 22 गेंदों में 4 चौके की मदद से 25 रन बनाए। रॉयल डी.सी की ओर से गेंदबाजी करते हुए प्रमोद कुमार 4 ओवर में 21 रन देकर ने 4 विकेट, गोविंद राठौर ने 2 ओवर में 17 रन देकर 2 विकेट, मोंटू ठाकुर, यथार्थ जैन, वंश ठाकुर और नवीन नागर ने 1झ1 विकेट लिया। इस मैच का मैन ऑफ द मैच वंश ठाकुर को घोषित किया गया और फाइटर ऑफ द मैच अक्षय को घोषित किया गया।

## होली पर्व आपसी प्यार और स्नेह का त्यौहार: विपुल गोयल

### हरियाणा मीडिया वेलफेयर क्लब ने धूमधाम से मनाया होली उत्सव

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबादः** हरियाणा मीडिया वेलफेयर क्लब ने रविवार को होली मिलन उत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया। होली मिलन समारोह में शहर की प्रतिष्ठित हस्तियों, कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, राज्यमंत्री राजेश नागर, मेयर पद की भाजपा प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी, भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, जिला उपाध्यक्ष सुखबीर मलेरना, पूर्व शिक्षा मंत्री श्रीमती सीमा त्रिखा, पूर्व महापौर सुमन बाला, वेणुका प्रताप खुल्लर, सुरेन्द्र शर्मा बबली, लखन शर्मा नंबरदार, भारत अरोड़ा, बल्लभगढ़ से कांग्रेस विधायक प्रत्याशी रही पराग शर्मा, विजय कौशिक, सोनू चैधरी, रेडक्रास सचिव बिजेन्द्र सौरोत, जया शर्मा, अवधेश कुमार ओझा, सतेन्द्र शर्मा, मनीष शर्मा, रवि शर्मा, नारायण शर्मा, मनोज नासवा, डा. योगेश भाटिया, एस-आई नरेन्द्र, इमरान जलाल, एडवोकेट राजेश खटाना, विकास वर्मा, संदीप सिंघल, विमल खंडेलवाल, सुनील खटाना, प्रदीप छाबड़ी, प्रेमचंद गौड, अजय शर्मा, शमशाद, शिवम सहित शहर के गणमान्य लोगों ने शिरकत की। कार्यक्रम में फूलों की सुंदर होली खेली गई और आए हुए अतिथियों का हरियाणा मीडिया वेलफेयर क्लब के पदाधिकारियों राकेश देव प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव राजेन्द्र सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष किशोर शर्मा, महिला जिला अध्यक्ष दीपा मिश्रा ने फूलों की बारिश के साथ, बुके देकर एवं पटका पहनाकर स्वागत किया गया।

कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने सुंदर कार्यक्रम के आयोजन के लिए हरियाणा मीडिया वेलफेयर क्लब को बधाई दी और कहा कि पत्रकारों का प्यार हमेशा मुझे मिलता रहा है। चाहे मैं सत्ता में रहूं या न रहूं, लेकिन मेरे शहर के पत्रकार मुझे हर सुख-दुख में याद करते हैं। आज होली के पावन अवसर पर सुंदर कार्यक्रम के आयोजन के



लिए हरियाणा मीडिया वेलफेयर क्लब को बहुत-बहुत बधाई।

व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद पत्रकारों के होली मिलन समारोह में शिरकत करने पहुचे राजेश नागर ने कहा कि अपने पत्रकार भाईयों के लिए मैं पहले भी भाई था, अब भी हूं और आगे भी रहुंगा। भगवान के आशीर्वाद से चाहे कितनी ही उंचाईयां छू लूं, लेकिन पैर जमीन पर ही रहेंगे। आज हरियाणा मीडिया वेलफेयर क्लब ने जो सुंदर कार्यक्रम का आयोजन किया है, वह बधाई के पात्र हैं और पूरे प्रदेश के लोगों को होली पर्व की बधाई देता हूं। जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने कहा कि हरियाणा मीडिया वेलफेयर क्लब हर खुशी के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन करता है। मेरी यही कामना है कि कि आप लोगों की कलम यूं ही चलती रहे और स्वच्छ समाज के निर्माण में आप अपनी भूमिका का निर्वहन ऐसे ही बिना रुके, बिना थके करते रहें। सुखबीर मलेरना ने सभी पत्रकार साथियों को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली पूर्व हिन्दुओं का सबसे बड़ा रंगों का पर्व है, पूरी धूमधाम से इसे मनाएं। सभी गिले-शिकवे भूलकर एक-दूसरे को गले लगाएं।

पूर्व शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने होली के रंग में चार चांद लगा दिए उन्होंने क्लब के पदाधिकारियों को ऐसा रंगा कि सभी के चेहरे रंग-बिरंगे हो गए। सीमा त्रिखा ने कहा कि होली का मजा जब तक नहीं है, जब तक पूरी तरह से रंग-बिरंगे न हो जाएं। इसलिए धूमधाम से होली उत्सव मनाएं। भाजपा मेयर पद की प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी ने कहा कि आप लोगों की कलम में बहुत ताकत होती है, किसी भी कार्यक्रम की सफलता आप लोगों के बिना नहीं है। उन्होंने कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम एवं भाईचारे का त्यौहार है, इसलिए मिल-जुलकर होली पर्व मनाएं। वेणुका प्रताप खुल्लर ने होली पर्व सर्दियों के जाने और गर्मियों के आने का त्यौहार है। खुशियों, उल्लास एव रंग भरा यह त्यौहार है। इस दिन कैमिकल का प्रयोग न करें। अपने साथ-साथ पशुओं का भी ध्यान रखें, ताकि उनको भी कोई नुकसान न हों। बल्लभगढ़ से कांग्रेस विधायक प्रत्याशी रही पराग शर्मा ने हरियाणा मीडिया वेलफेयर क्लब को बधाई देते हुए कहा कि क्लब हमेशा मान-सम्मान देता रहा है। होली मिलन हो या दिवाली मिलन कोई भी कार्यक्रम हो, मैं हमेशा क्लब के कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचती हूं, क्योंकि यहां आकर अपनेपन का अहसास होता है।

अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा बबली ने होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली पर्व पूरे भारतवर्ष में हर्षोल्लास के साथ मनाई जाती है। इस दिन आपसी प्रेम एवं सौहार्द के साथ एक-दूसरे को गले लगाकर होली पर्व मनाएं। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष लखन शर्मा नंबरदार ने कहा कि होली पर्व भारतवर्ष के लोगों का प्रिय त्यौहार है। सभी लोग इसको बड़े प्यार से मिल-जुलकर मनाते हैं। हरियाणा मीडिया वेलफेयर क्लब के सभी साथियों को होली पर्व की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। वरिष्ठ भाजपा नेत्री अनीता शर्मा ने सुंदर कार्यक्रम के लिए क्लब को बधाई दी और कहा कि होली पर्व को बडे धूमधाम से मनाएं। उन्होंने कहा कि होली प्यार और सौहार्द का त्यौहार है और पूरी तरह से होली पर्व को उत्साह से मनाएं।

वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री सोनू चैधरी ने कहा कि पत्रकारों के बिना कोई भी कार्य अधूरा है और आज हमारे पत्रकार साथियों ने होली पर्व की शुरूआत कर दी है। मेरी यही कामना है कि इस पर्व पर आपका क्लब यू ही नई उंचाईयों को छूता रहे। कार्यक्रम में क्लब के संरक्षक धीरेन्द्र राजपूत, दिनेश ठाकुर, धनंजय चैहान, दीपक पांडे, सुधीर राघव, यशपाल सिंह, बृजेश चावला, योगेश गौतम, महेन्द्र शर्मा, पंकज अरोड़ा, देव चैधरी, रविन्द्र कुमार, प्रवीण कुमार, रितेश कुशवाहा, हिमांशी, रेनू, हरजिंदर शर्मा, लाल सिंह, दीपक भाटिया, मधु, मीनू मिश्रा, अनिल मंगला, सुनील चौधरी, दिव्या, चंचल, माही राजपूत, राधा परमार, संदीप गोयल, अभय गिरी, रुपेश देव, रुपेश कुमार सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सीएम सामूहिक विवाह योजना का तीसरा चरण

**गोंडा।** के एक निजी पैराडाइज में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत तीसरे चरण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में चार ब्लॉक की गरीब परिवारों की कन्याओं का विवाह संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला अधिकारी नेहा शर्मा और सदर भाजपा विधायक प्रतीक भूषण सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस योजना के तहत कुल 744 जोड़ों ने पंजीकरण कराया था। आज 450 हिंदू जोड़ों का विवाह वैदिक मंत्रोच्चार के साथ और 39 मुस्लिम जोड़ों का निकाह इस्लामिक रीति-





रिवाज से संपन्न हुआ। समाज कल्याण विभाग की ओर से सभी दुल्हनों को कपड़े, जेवरात, नगद राशि और बर्तन सहित कई सामान दिए गए। जिला अधिकारी नेहा शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, विधायक प्रतीक भूषण सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा और सांसद प्रतिनिधि रमाशंकर मिश्रा ने सभी नवविवाहित जोड़ों को उपहार देकर शुभकामनाएं दीं।गोंडा जिले में इस योजना के तहत कई चरणों में हजारों कन्याओं की शादी कराई जानी है। यह कार्यक्रम समाज के गरीब वर्ग की कन्याओं के लिए वरदान साबित हो रहा है। वही गोंडा सदर भाजपा विधायक प्रतीक भूषण सिंह ने बताया कि आज यहां पर बहुत अच्छे ढंग से भव्य तरीके से कम सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जहां हिंदू और मुस्लिम दोनों जोड़ों की शादी यहां पर जिला प्रशासन द्वारा कराई गई है। सभी को हमने जीवन में खुशहाली को लेकर के बधाई और शुभकामनाएं दी है। एक सलाह भी हमने दी है कि पति-पत्नी के बीच जो भी बात हो तीसरा ना जाने और दोनों लोग एक दूसरे से झगड़ा ना करें।

## संक्षिप्त डायरी

### सपा अधिवक्ता सभा की बैठक में जिला पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र वितरित



**कुशीनगर।** समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा कुशीनगर जिला इकाई की बैठक जिला मुख्यालय रविन्द्र नगर घुस पर संपन्न हुई। जिसमें जिला इकाई के पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र वितरित किए गया। रविवार को सपा अधिवक्ता महासभा की बैठक में जिलाध्यक्ष एडवोकेट उदयभान यादव में जिला कमेटी के पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र देकर सम्मानित किया। जिसमें सभी अधिवक्ता अमरनाथ पटेल, ओमप्रकाश मिश्रा, विनोद गुप्ता, आब्दीन अंसारी जिलाउपाध्यक्ष, इब्राहिम मंसूरी, सुनील कुमार यादव जिला महासचिव, मनोज यादव, रंजित कन्नौजिया जिला सचिव, दिलीप चौहान, राज किशोर यादव, आकाश शर्मा, भागीरथी यादव, सत्यप्रकाश यादव, यदुवंशी गोंड मीडिया प्रभारी, मनोज विश्वकर्मा, अशोक यादव, संगठन सचिव, बृजेश सिंह, सोनू यादव जिला सूचना प्रभारी, लाल बच्चन यादव, रियासत अंसारी, धर्मेन्द्र कुमार संगठन सचिव चुने गए। जिलाध्यक्ष एडवोकेट श्री यादव ने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशन में अधिवक्ता सभा पीडीए पंचायत के माध्यम से पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाएगी। इस दौरान संगठन से जुड़े अधिवक्ता मौजूद रहे।

# महिला दिवस पर भाजपा ने समाज की अग्रणी महिलाओं को सम्मानित किया



**कुशीनगर।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा रविन्द्र नगर भाजपा कार्यालय में महिला सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित समाज की अग्रणी महिलाओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सांसद विजय कुमार दूबे ने कहा कि मोदी सरकार अपने कार्यकाल के पहले दिन से ही महिला सशक्तिकरण की दिशा में अनवरत कार्यरत है। नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में महिलाओं के महिला सशक्तीकरण का कार्य का परिमाण है कि अब महिलाएं सदन से लेकर सभी क्षेत्रों में भारत की प्रगति में मजबूती से अपना योगदान दे रही हैं। पार्टी की सरकार ने अपने कार्यकाल में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देकर नारी शक्ति अधिनियम के तहत देश की सांसद और राज्य विधानसभाओं में पहुंचने के लिए मार्ग प्रशस्त किया है। विशिष्ट अतिथि राज्य सभा सांसद आरपीएन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी सरकार बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदना, सुकन्या समृद्धि, उज्ज्वला, वन स्टॉप सेंटर, नमो ड्रोन दीदी, महिला सम्मान बचत पत्र जैसी अनेकों योजनाएँ हमारी मातृशक्ति के सर्वांगीण उत्थान व उनके सशक्तिकरण की दिशा में उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं।
जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि केवल भारतीय संस्कृति और दर्शन में ही महिला को पुज्यनीय माना गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष सावित्री जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महिलाओं को जो सम्मान मिला है। सम्मेलन को खड्डा विधायक विवेकानंद पाण्डेय,पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रभा पाण्डेय, डॉ ममता मणि त्रिपाठी, ब्लाक प्रमुख अर्चना प्रदीप सिंह,रंजना पासवान, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शिवकुमारी देवी, सीमा गुप्ता, नूतन दूबे ने सम्बोधित किया। सम्मेलन में डॉ भावना गुप्ता, डॉ ममता मणि त्रिपाठी, पूनम पाण्डेय, कालिंदी त्रिपाठी, मीनू जिन्दल, डॉ लीला पाण्डेय, डॉ शीला चौधरी, अनिता राय, लक्ष्मी श्री मिश्रा, आशू कुशवाहा, लोकगायिका अनामिका गुप्ता, दुर्गावती कुशवाहा को अपने अपने कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। संचालन प्रियंका पाण्डेय द्वारा किया गया।

# रामायण संयुक्त परिवार के प्रेम का अनुपम उदाहरण: प्रो. गौरव तिवारी

**कुशीनगर।** आने वाले समय में देश को कहा ले जाना है यह हमारे युवा तय करेंगे। यह यात्रा आप बिना विश्वास, त्याग और समर्पण के तय नहीं कर सकेंगे। यह बाते राष्ट्रीय सेवा योजना, बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुशीनगर द्वारा आयोजित विशेष शिविर के तीसरे दिन बौद्धिक सत्र के मुख्यअतिथि पूर्व सांसद कुशीनगर राजेश पाण्डेय उर्फ गुड्डू भैया ने कही। मुख्य वक्ता प्रो गौरव तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा आयोग का निर्माण इस भाव से हुआ था कि इससे निकले छात्र राष्ट्र निर्माण में नींव का कार्य करेंगे। आपने संयुक्त परिवार के महत्व पर चर्चा करते हुए बताया कि परंपराओं और संस्कृति का निर्माण एक दिन में नहीं होता।



भारतीय संस्कृति में चार प्रमुख तत्वों को महत्व दिया है। यह धर्म,अर्थ, काम और मोक्ष है। भारतीय समाज की एक प्रमुख विशेषता संयुक्त परिवार है। ऐतिहासिक रूप से देखें तो रामायण संयुक्त परिवार के प्रेम का अनुपम उदाहरण है तो महाभारत पारिवारिक कलह का दूसरा प्रथम ग्रंथ है। आज परिवार को टूटने का प्रमुख आत्मकेंद्रित होकर सोचना है।अब हम सामूहिक होकर नहीं सोचते हैं यही वर्तमान की सबसे बड़ी विडंबना है। परिवार को संयुक्त रखने की सबसे बड़ी ताकत विश्वास है। जब विश्वास कम होता है तब परिवार टूटने लगता है। विशिष्ट वक्ता डॉ शंभू दयाल कुशवाहा ने बताया कि जब लोग जीविकोपार्जन के उद्देश्य से अलग अलग स्थानों पर गए तो संयुक्त परिवार टूटने लगे।यह बहुत बार अनिच्छुक परिवर्तन होता है। कई बार ऐसा भी देखा गया है कि परिवार प्रत्येक सदस्य अलग अलग जगह रहते हैं। वस्तुतः संयुक्त परिवार की अवधारणा का मूल पोषण कृषि प्रधान समाज है। आपने व्यंग्य करते हुए कहा कि अब संयुक्त परिवार शादी के निमंत्रण पत्र ही पढ़ने को मिलते हैं। अध्यक्षता कर रहे पूर्व मंडल अध्यक्ष कुशीनगर अनिल राव ने की। अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम अधिकारी डॉ निगम मौर्य व आभार ज्ञापन डॉ पारस नाथ ने किया। इस अवसर पर डॉ दिनेश तिवारी, जिपंस नीतेश यादव, प्रियेश पाठक आदि की विशेष उपस्थिति रही।

### हमीरपुर राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी समझौते के तहत सात करोड़, अड़तालीस लाख, चौव्वन हजार, दौ सौ तेईस रुपये का वसूला गया राजस्व

**हमीरपुर। (सैय्यद जावेद अख्तर)** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में दिवानी न्यायालय कैंपस में जिला जज मनोज कुमार राय, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कुशल निर्देशन में फीता काटकर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान आये मामलों का निपटारा आपसी सुलह समझौते के तहत कराया गया। प्रधान न्यायाधीश, परिवार अदालत से कुल-17, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण से कुल-49, अपर जिला, सत्र



अदालत फर्स्ट से सिर्फ-1, विशेष न्यायाधीश (एस०सी०,एस०टी०) से कुल-1, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट से कुल-1, विशेष न्यायाधीश (आ०व०अधि०) से 149, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट से 1438 अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट से 359, सिविल जज (सीनियर डिवीजन) से 10, तरुण कुमार सिविल जज (जूनियर डिवीजन) राठ 187, बृजेश कुमार पटेल सिविल जज (जूनियर डिवीजन) मौदहा 227, शशांक गुप्ता, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राठ -653, इस तरह सभी अदालतों से-3099 मामलों का निपटारा किया गया, जबकि राजस्व विभाग ने 6613 मामलों का निपटारा किया गया, जबकि एल० डी० एम० संगम लाल मिश्रा इंडियन बैंक हमीरपुर के मुताबिक जिले के सभी बैंकों के कुल 16587 मामलों में 349 मामलों का निपटारा हुआ। इसी तरह राष्ट्रीय लोक अदालत में 10061 मामलों का निपटारा हुआ, जबकि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंको सहित राजस्व सुलह समझौते के तहत 4660000 रुपये की धनराशि हासिल हुई। इसी तरह अदालतों से निस्तारित मामलों में भी करीब 28851813 रुपये की धनराशि समझौते के तौर में हासिल हुयी। साथ ही अदालत सहित राजस्व, बैंक द्वारा 74854223 रुपये की धनराशि समझौते के तौर में हासिल हुई। इस मौके पर खासतौर से प्रधान न्यायाधीश,परिवार न्यायालय, हमीरपुर ज्ञान प्रकाश सिंह, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, हमीरपुर अरूण कुमार मल्ल, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार जयन्त, लोक अदालत के नोडल अधिकारी,विशेष न्यायाधीश (द०प्र०श्रे०), अनिल कुमार खरवार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,विशेष न्यायाधीश (एस०सी०,एस०टी० एक्ट) सुशील कुमार खरवार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट, हमीरपुर, कीर्ति माला सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गीतांजलि गर्ग, अपर जिला जज विशेष न्यायाधीश (आ०व०अधि०), स्वाती, अपर जिला जज एफ०टी०सी०-प्रथम, मनोज कुमार शासन, सिविल जज (सिनियर डिवीजन) अभिषेक त्रिपाठी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट निहारिका जायसवाल, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वन्दना अग्रवाल, सिविल जज(जूनियर डिवीजन)एफ०टी०सी०, राठ शशांक गुप्ता, सिविल जज (जूनियर डिवीजन) मौदहा, हमीरपुर, ब्रजेश कुमार पटेल, सिविल जज (जूनियर डिवीजन) एफ०टी०सी० महिलाओं के खिलाफ अपराध शैली शरण मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मानित हुईं नारी शक्ति

**कुशीनगर।** चैरिटेबल ब्लड बैंक एवं रोटरी क्लब कुशीनगर के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारी शक्ति सम्मान कार्यक्रम के तहत कुशीनगर इन रेस्टोरेंट में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि बीपीजी कुशीनगर के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. विनोद मोहन मिश्रा ने कहा, ₹महिलाओं का सशक्तिकरण समाज के विकास का आधार है। शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी जितनी बढ़ेगी, समाज उतना ही प्रगतिशील होगा। विशिष्ट अतिथि कुशीनगर महोत्सव के संयोजक विनय राय ने अपने संबोधन में कहा कि ₹आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी सफलता की छाप छोड़ रही हैं। हमें उनके प्रयासों को और अधिक सराहनीय बनाने के लिए सहयोग और समर्थन




देना चाहिए। रोटरी क्लब कुशीनगर के अध्यक्ष वाहिद अली ने कहा, रोटरी क्लब सदैव समाज सेवा और महिला सशक्तिकरण के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। आयोजन में कुशीनगर चैरिटेबल ब्लड बैंक के संचालक राजीव तिवारी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक विचार नहीं, बल्कि इसे एक सामाजिक आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने की जरूरत है। संचालन मजीबुल्लाह राही ने किया। कालिंदी त्रिपाठी, डॉ. वीणा कुमारी, डॉ. ममता यादव, डॉ. नेहा कुमारी पाठक, किरण सिंह, एडवोकेट सुमन सिंह, एडवोकेट शकुन पटेल, एडवोकेट वंदना, रुचि सिंह, प्रियंका पाण्डेय, मोना सिंह, रेनू सिंह, नसरीन अख्तर, आरती दुबे, मधुलिका, कुसुम द्विवेदी, पूनम गुप्ता, प्रियंका श्रीवास्तव, शैल जयसवाल, रश्मि सिंह तोमर, निशु विश्वकर्मा, सुनीता सिंह, रजनी मिश्रा, बबीता राय, अपर्णा मिश्रा, संगीता सिंह, ममता शर्मा, रागिनी सिंह बुंदेला, अंजली खरवार, फौजिया परवीन, सुनीता तिवारी, रीना शर्मा, प्रीति, डॉ. जलीना सिंह, अंजुम आरा, कुमुद सिंह सम्मानित हुईं। इस अवसर पर सचिव अजय सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष अंजली खरवार, कोषाध्यक्ष दुर्गेश चतुर्वेदी, सार्जेंट एट आर्म्स विजय कृष्ण द्विवेदी, सह सचिव अखिलेश शर्मा, डॉ श्याम बिहारी जायसवाल, मीडिया प्रभारी अरुण वर्मा, गोविन्द सिंह, सत्येंद्र राय, रंजीत श्रीवास्तव सदरे आलम, विनोद वर्मा, अमरेंद्र नारायण प्रताप सिंह, गौरव मद्धेशिया, अरुण मौर्या आदिल खान उपस्थित रहे।

# जुग्गौर रेगुलेटर पुल पर बड़ी लापरवाही



**लखनऊ।** के बीबीडी थाना क्षेत्र में स्थित इंदिरा नहर जुग्गौर रेगुलेटर पुल पर गंभीर समस्या सामने आई है। पुल का डिवाइडर पिछले कई महीनों से टूटा हुआ है। यह पुल एक मोड़ पर स्थित है, जिससे दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों वाहन गुजरते हैं। टूटे डिवाइडर के कारण रात के समय दुर्घटना का खतरा और भी बढ़ जाता है। सिंचाई विभाग की लापरवाही के कारण इस समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नागरिकों का कहना है कि किसी बड़ी दुर्घटना के बाद ही विभाग जागेगा।
स्थानीय लोगों ने सिंचाई विभाग से डिवाइडर की तत्काल मरम्मत करने की मांग की है। विभाग की लापरवाही से आम जनता में रोष व्याप्त है।

# कृत्रिम अंग पाकर खिले दिव्यांगों के चेहरे

**गोंडा।** जिले में तीन दिवसीय दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में दिव्यांगों को निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण और ट्राईसाइकिल वितरण की सुविधा दी गई। शिविर के अंतिम दिन जिलाधिकारी नेहा शर्मा और मुख्य विकास अधिकारी अंकित जैन ने कार्यक्रम का समापन किया। मारवाड़ी युवा मंच, रोटरी क्लब और विनायक चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त प्रयास से यह आयोजन संभव हुआ। तीन दिनों में हजारों दिव्यांगों को कृत्रिम ह ा थ ा , प ै र , क ा न ा मशीन,कैलिपर,बैसाखी,ट्राईसाइकिऔर व्हीलचेयर निःशुल्क प्रदान की गईं। डॉक्टरों की टीम ने दिव्यांगों की जांच कर उनकी आवश्यकता के अनुसार उपकरण निर्धारित किए। साथ ही स्वास्थ्य संबंधी दवाइयां भी वितरित की गईं। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कहा कि यह कार्यक्रम दिव्यांगों के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने बताया कि जिन लोगों को चलने-फिरने में कठिनाई होती थी, उन्हें अब कृत्रिम अंग और ट्राईसाइकिल मिलने से राहत मिलेगी। उन्होंने मारवाड़ी युवा मंच की सराहना करते हुए कहा कि वे हमेशा जनहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। वहीं



गोंडा मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने कार्यक्रम के समापन के दौरान कहा कि यहां गोंडा ही नहीं बल्कि प्रदेश के कई जिलों से भी डॉक्टर और कर्मचारी आए थे जिनके देखरेख में या पूरा कार्यक्रम संपन्न हुआ है। विकलांगों को जिन भी कृत्रिम अंग और ट्राई साइकिल की आवश्यकता थी उन आवश्यकताओं को उन लोगों ने पूरा किया। उनके कार्य की जितनी भी सराहना की जाए कम है यह लोग हर वर्ष इसी तरीके से कार्यक्रम का आयोजन करके विकलांगों को एक बड़ी मदद देते हैं। वह मदद विकलांगों के लिए जीवन भर के लिए एक बड़ी सहायता बना करके सामने आती है। कार्यक्रम के समापन के दौरान डीएम और सीडीओ द्वारा विकलांगों के लिए लगाए गए स्टालों का भी निरीक्षण किया और मारवाड़ी युवा मंच के साथ रोटरी क्लब और विनायक चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी को इस आयोजन के लिए बधाई भी दी है।

# हमीरपुर एआरटीओ अमिताभ राय खनिज अधिकारी विकास परमार ने मोरम के ओवरलोड बिना नम्बर,अवैध परिवहन कर रहे चालिस ट्रकों पर की बड़ी कार्यवाही माफियाओं में मचा हडकंप

**हमीरपुर। (सैय्यद जावेद अख्तर)** उत्तर प्रदेश हमीरपुर के तेज तर्रार जिलाधिकारी घनश्याम मीना के आदेश पर एआरटीओ इन्फोर्समैन्ट अमिताभ राय और खनिज अधिकारी विकास परमार ने आठ और नौ मार्च को ओवरलोड, बिना नम्बर सहित अवैध परिवहन कर रहे मोरम के 40 (चालिस) ट्रकों पर की बड़ी कार्यवाही, जबकि परिवहन और खनिज विभाग की इस मिली जुली कार्यवाही से मोरम माफियाओं में मचा हडकंप। वहीं एआरटीओ अमिताभ राय और खनिज अधिकारी विकास परमार ने बताया कि हमीरपुर मुख्यालय से करीब 115 किलोमीटर की दूरी पर स्थित मंगरौठ मार्ग के खरवांच सहित घुटेरिया मोरम खदान मार्ग पर कांटे के करीब छुपा कर खड़े किये गये मोरम के 15 (पन्द्रह) ओवरलोड ट्रकों को पकड़ने के बाद उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही किये जाने के साथ ही उन्हें चिकासी पुलिस की सुपुर्दगी में सौंप दिया गया है, वहीं चिकासी क्षेत्र से मोरम के 25 ट्रकों को पकड़ कर चालान की बड़ी कार्यवाही की गई है, जबकि परिवहन और खनिज विभाग की इस मिली जुली कार्यवाही से मोरम



माफियाओं में हड-कंप मचा है, वहीं परिवहन और खनिज विभाग की इस कार्यवाही से शासन को भारी राजस्व हासिल होने की उम्मीद है, जबकि एक मार्च से सात मार्च तक मोरम के ओवरलोड ट्रकों के खिलाफ चलाये गये अभियान के तहत एआरटीओ अमिताभ राय ने मोरम के 16 ओवरलोड ट्रकों से 12 लाख से ज्यादा का जुमार्ना वसूला गया, जबकि मोरम के चार ओवरलोड ट्रकों को पीटीओ चंदन पांडेय ने चिकासी चंडौत क्षेत्र से पड़कर 270000 रुपये का जुमार्ना वसूला गया, वही मोरम के एक ओवरलोड ट्रक को खनिज टीम के साथ सीज कर कुछेछा चौकी की सुपुर्दगी में सौंपा गया, जबकि एआरटीओ आर०पी० सिंह ने मंगरौठ जिगनी चिकासी क्षेत्र से मोरम के 9 ओवरलोड ट्रकों को पकड़कर 6 लाख रुपये का जुमार्ना वसूला गया, वहीं पीटीओ चंदन पांडे ने कुरारा मार्ग से मोरम के दो ओवरलोड ट्रक पकड़ कर एक लाख रुपये से ज्यादा का जुमार्ना वसूल किया गया,जबकि चिकासी क्षेत्र से मोरम के एक ओवरलोड ट्रक को जिसका परमिट समाप्त होने के बाद भी अवैध तौर पर चलाया जा रहा था,
को सीज कर रिहुंटा चौकी की सुपुर्दगी में सौंपा गया, वहीं कुल 36 ओवरलोड ट्रकों के खिलाफ कार्यवाही करते हुये हमीरपुर परिवहन विभाग ने अब तक 20 लाख रुपये से ज्यादा का जुमार्ना वसूल किया गया है।

# तरबगंज में चलते ट्रक में लगी आग

**गोंडा।** में अयोध्या-बस्ती हाईवे पर रविवार सुबह बड़ा हादसा होने से टल गया। महेशपुर गांव के पास भारत पेट्रोल पंप के सामने एक चलते ट्रक में अचानक आग लग गई। ट्रक में बिजली का ट्रांसफॉर्मर लदा हुआ था। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत



ट्रक को पेट्रोल पंप से दूर रोक दिया और कूदकर अपनी जान बचाई। चालक ने कूदकर बचाई जान चालक चंदन कुमार यादव सोनीपत से जलपाईगुड़ी की ओर ट्रांसफॉर्मर लेकर जा रहा था। चलते ट्रक में अचानक धुआं उठता देख उसने तुरंत गाड़ी को सड़क किनारे रोका। देखते ही देखते ट्रक आग की लपटों में घिर गया। घटना की सूचना मिलते ही सरयू घाट पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों ने बालू से लदी ट्रैक्टर-ट्राली की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया। कुछ देर बाद अयोध्या से पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया। बड़ा हादसा टला, कोई जनहानि नहीं सरयू घाट पुलिस चौकी प्रभारी संजीव सिंह ने बताया कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। हालांकि, आग लगने से ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह जल गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लिया। हादसे की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है।

## संपादकीय

### बहुत हो चुका ! अब आपकी ब्लैकमेलिंग और नहीं चलेगी !

कुछ दिन पहले तक अपने चुटकलों से लोगों को हंसा हंसा कर लोटपोट कर देने वाले भगवंत मान अब उत्तर प्रदेश के योगी के अंदाज में दिखने लगे हैं। नशा तस्करों के घरों पर बुलडोजर चलाए जा रहे हैं, दिन में हड़ताली राजस्व अधिकारियों को सीधा-सीधा धमकाते हैं कि ह्यआपको छुट्टी मुबारकह्ण और शाम होते-होते उन्हें निलम्बित कर देते हैं। और तो और किसान नेताओं को यहां तक कहने लगे हैं कि ह्यबहुत हो चुका अब आपकी ब्लैकमेलिंग और नहीं चलेगी। आप लोगों ने पंजाब को धरना प्रदेश बना कर रख दिया है।ह्ण पंजाब में इन दिनों मुख्यमंत्री के व्यवहार में आए बदलाव के कारण खोजे जा रहे हैं। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की हुई पराजय के बाद पंजाब का नेतृत्व दबाव में है और कुछ कर दिखाने की कोशिश



कर रहा है। चूंकि राज्य में ह्यआपह्ण की क्रान्तिकारी सरकार अपना आधे से अधिक कार्यकाल पूरा कर चुकी है परन्तु उपलब्धि के नाम पर सरकार के हाथ खाली-खाली से लगते हैं। क्रान्ति अब भ्रान्ति लगने लगी है। पंजाब सरकार की कार्यप्रणाली दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सरकार की छायाप्रति ही रही है। पंजाब में भी दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिक की तर्ज पर आम आदमी क्लीनिक खोले गए, मनीष सिसोदिया के आदर्श स्कूलों की कॉपी करते हुए स्कूल आफ एमिनेंस खोले गए। पंजाब के मंत्री दिल्ली वालों की तरह शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी सरकार की उपलब्धियों को गिनवाते नहीं अघाते परन्तु दिल्ली के विकास मॉडल के धड़ाम होने के बाद पंजाब का नेतृत्व भी सन्न है। आम आदमी पार्टी की दृष्टि से पंजाब में तो स्थितियां और भी विकराल हैं क्योंकि यहां उसकी सरकार के कार्यकाल में नशा अपनी तमाम सीमाएं तोड़ता दिख रहा है, जबकि पार्टी नशामुक्ति के हिमालयी वायदे करके सत्ता में आई थी। पर आज राज्य में आए दिन कहीं न कहीं नशे की ओवरडोज मौत होने की खबरें मिलती रहती हैं। कुछ जगह पर तो आठ-दस साल के बच्चों के भी नशे करने की खबरें प्रकाशित हो चुकी हैं। राज्य में आटे की तरह चिट्टा (हेरोइन) बिक रहा है। नशा महिषासुर राक्षस बन चुका है जिसको जितना मारो उसके रक्त की हर बून्द से नए-नए महिषासुर पैदा हो रहे हैं। पुलिस आए दिन भारी मात्रा में नशा पकडड्डे का दावा करती है परन्तु इसके बावजूद पंचनद की धरती पर नशे का छठा दरिया बहता दिखाई देता है। राज्य का सरकारी कर्ज निरंतर बढ़ रहा है तो महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये देने का चुनावी वायदा विपक्षी दल भूलने नहीं दे रहे। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की हुई पराजय के बाद पंजाब का नेतृत्व दबाव में है और कुछ कर दिखाने की कोशिश

कर रहा है। चूंकि राज्य में ह्यआपह्ण की क्रान्तिकारी सरकार अपना आधे से अधिक कार्यकाल पूरा कर चुकी है परन्तु उपलब्धि के नाम पर सरकार के हाथ खाली-खाली से लगते हैं। क्रान्ति अब भ्रान्ति लगने लगी है। पंजाब सरकार की कार्यप्रणाली दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सरकार की छायाप्रति ही रही है। पंजाब में भी दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिक की तर्ज पर आम आदमी क्लीनिक खोले गए, मनीष सिसोदिया के आदर्श स्कूलों की कॉपी करते हुए स्कूल आफ एमिनेंस खोले गए। पंजाब के मंत्री दिल्ली वालों की तरह शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी सरकार की उपलब्धियों को गिनवाते नहीं अघाते परन्तु दिल्ली के विकास मॉडल के धड़ाम होने के बाद पंजाब का नेतृत्व भी सन्न है। आम आदमी पार्टी की दृष्टि से पंजाब में तो स्थितियां और भी विकराल हैं क्योंकि यहां उसकी सरकार के कार्यकाल में नशा अपनी तमाम सीमाएं तोड़ता दिख रहा है, जबकि पार्टी नशामुक्ति के हिमालयी वायदे करके सत्ता में आई थी। पर आज राज्य में आए दिन कहीं न कहीं नशे की ओवरडोज मौत होने की खबरें मिलती रहती हैं। कुछ जगह पर तो आठ-दस साल के बच्चों के भी नशे करने की खबरें प्रकाशित हो चुकी हैं। राज्य में आटे की तरह चिट्टा (हेरोइन) बिक रहा है। नशा महिषासुर राक्षस बन चुका है जिसको जितना मारो उसके रक्त की हर बून्द से नए-नए महिषासुर पैदा हो रहे हैं। पुलिस आए दिन भारी मात्रा में नशा पकडड्डे का दावा करती है परन्तु इसके बावजूद पंचनद की धरती पर नशे का छठा दरिया बहता दिखाई देता है। राज्य का सरकारी कर्ज निरंतर बढ़ रहा है तो महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये देने का चुनावी वायदा विपक्षी दल भूलने नहीं दे रहे।

## बूचावास में रविवार को आयोजित की गई श्री श्याम बाबा की शोभा यात्रा

### -आज सोमवार को लगेगा विशाल भंडारा

**कनीना सुनील दीक्षित**

कनीना-महेंद्रगढ मार्ग स्थित गांव बूचावास में रविवार को श्याम भक्तों द्वारा चतुर्थ शोभा यात्रा एवं निशान यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें बडी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। फाल्गुन उत्सव में मनमोहक झांकिया प्रस्तुत की गई वहीं हैलीकोप्टर से पुष्प वर्षा की गई। पंडित कमलकांत शास्त्री, ग्राम सरपंच प्रवीन कुमार, राधे श्याम गुप्ता, सूबेदार सतबीर सिंह,राम सिंह, रविंद्र सिंह, मुकुट शर्मा, मनोज सिंह, सुमित फौजी, प्रवेंद्र कौशिक, मुकेश शर्मा, विक्रम सिंह,विकेश पंच ने बताया कि रंग अबीर उडाते हुए श्रधालुओं ने उत्साह दिखाया। उन्होंने बताया



कि सोमवार 10 मार्च को श्री श्याम मंदिर प्रांगण बूचावास में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आने वाले श्रधालुओं को प्रसाद वितरित किया जायेगा। दूसरी ओर कनीना-दादरी मार्ग स्थित बागोत के श्रीश्याम मंदिर में एकादशी के मौके पर मेले का आयोजन किया गया। जिसमें दूर-दराज से निशान पद यात्रा कर आए श्रधालुओं ने हिस्सा लिया। मंदिर के मठाधीश मंहत रोशनपुरी ने बताया कि प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस मेले में हजारों की संख्या में श्रधालु आते हैं। जिनकी सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा पुलिस प्रशासन का होता है।

## हृदय एवं नेत्र रोग जांच शिविर में 64 मरीजों ने उठाया लाभ



**कनीना सुनील दीक्षित**

कनीना मंडी स्थित लाला शिवलाल धर्मशाला में रविवार को आयोजित 84वें हृदय, सामान्य रोग, बालरोग एवं नेत्र रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 64 जरूरतमंद मरीजों ने स्वास्थ लाभ उठाया। शिवकुमार अग्रवाल व योगेश कुमार ने बताया कि सेवा भारती की और से सुबह साढे 10 बजे से दोपहर साढे 1 बजे तक आयोजित इस शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.रजत अग्रवाल, शिशु बालरोग विशेषज्ञ डॉ हिमानी अग्रवाल तथा नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.संतोष कुमार की टीम ने मरीजों की जांच कर दवा वितरित की। उन्होंने बताया कि 5 मार्च 2017 से शुरू हुए इस स्वास्थ्य जांच शिविर को आठ वर्ष पूरे हो गए हैं। इस दौरान करीब साढे सात हजार मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया है। इस मौके पर नवीन यादव, हितष कुमार, सुरेश शर्मा, श्याम सुदंर, अमित सिंहल, सोमदत्त, सुरेंद्र सिंह, जगदीश गुप्ता उपस्थित थे।

## विश्व महिला दिवस रक्तदान शिविर लगाकर मनाया



**(अनिल मोहनियां नूंह)**

रक्तदान शिविर लगाकर मनाया विश्व महिला दिवस इंद्री खंड के गांव खेड़ा खलीलपुर के हैप्पी फिटनेस क्लब में एंजेल्स ऑफ लव ग्लोबल फाऊंडेशन द्वारा रक्तदान शिविर लगाकर विश्व महिला दिवस मनाया। यह कार्यक्रम जिला रेड क्रॉस सोसाइटी और जिला स्वास्थ्य विभाग नूंह के सहयोग से किया गया। शिविर का उद्घाटन एंजेल्स ऑफ लव ग्लोबल फाऊंडेशन की डायरेक्टर मीना ठाकुर और सरपंच तनवीर द्वारा रिबन काटकर किया गया। रक्तदान शिविर में शहीद भगत सिंह युवा संगठन के सदस्यों के साथ-साथ गांव की महिलाओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में 30 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस मौके पर खेड़ा खलीलपुर के सरपंच तनवीर ने बताया कि एक स्वस्थ व्यक्ति को हर 3 महीने बाद रक्तदान करना चाहिए। क्योंकि रक्तदान जीवन का बहुत बड़ा दान होता है जिससे हम किसी के जीवन को बचा सकते हैं। समाजसेविका मीना ठाकुर रक्तदाताओं को बैच लगाकर रक्त दाताओं की हौसला बढ़ाया। एंजेल्स ऑफ लव ग्लोबल फाऊंडेशन के निदेशक राजकुमार प्रजापति सभी रक्तदाताओं और स्वास्थ्य विभाग टीम का धन्यवाद किया। इस मौके पर दयाराम बंकल, कुलदीप मेंबर, भाई धर्मी समाजसेवी, कुलदीप पंडित, योगेश पंडित, संदीप चौधरी, सुनील, प्रवीण, इनायत खान उर्फ तुला, एवं समस्त खेड़ा खलीलपुर ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

## कनीना में आज आयोजित होगा मोलड नाथ का मेला

### -रविवार से शुरू हुआ भंडारे का दौर

**कनीना सुनील दीक्षित**

कनीना में आज सोमवार, फाल्गुल शुक्ल पक्ष एकादशी के मौके पर आयोजित होने वाले बाबा मोलड नाथ के धार्मिक मेले का आगाज हो गया है। रविवार को सिहोर रोड पर 10वें भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें दूर-दराज से आए श्रधालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मेले में सोमवार को सुबह उंट व देशी घोडी दौड प्रतियोगिता होगी। सूबेदार रणवीर सिंह व सुभाष यादव ने बताया कि बाबा मोलड नाथ की 74वीं स्मृति में फाल्गुन शुदी एकादशी को आयोजित होने वाले इस मेले में खेलकूद प्रतियोगिता सहित भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रविवार, 9 मार्च की रात्री आठ बजे से मंदिर के समीप फुटबॉल मैदान में जागरण होगा।



जिसमें गायक कलाकार प्रीती चोधरी, आरती जांगडा, जयप्रकाश, गोवंद खांडा धार्मिक भजनों की प्रस्तुती देगें। 10 मार्च को सुबह 8 बजे सिहोर-छितरोली रोड पर उंट व देशी घोडी दौड होगी जिसमें प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए प्रतिभागी हिस्सा लेगें। प्रथम स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को 51 हजार, द्वितीय स्थान पर रहने वाले को 41 हजार, तृतीय स्थान पर रहने वाले को 31 हजार तथा चोथे एवं पांचवे स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 21 हजार व 11 हजार रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। कुश्ति 51 रुपए से लेकर 31 हजार तक होगी। उंट व घोडी के ग्रुप दौड में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 5100 रुपए का ईनाम दिया जायेगा। मेले में भंडारे की व्यवस्था रहेगी। जिसमें दूर-दराज से आए श्रधालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। इस मौके पर चोधरी बुधराम, दिलावर सिंह, भोलाराम, रमेश चंद,होशियार सिंह,सत्यपाल सिंह उपस्थित थे।

## कनीना नपा चुनाव को लेकर मतगणना एजेंट नियुक्त करने का कार्य पूरा

### -12 को कडी सुरक्षा के बीच पांच टेबल पर तीन राउंड में होगी मतगणना

**कनीना सुनील दीक्षित**

बीती 2 मार्च को सम्पन्न हुए कनीना नगरपालिका चुनाव के बाद 12 मार्च को होने वाली मतगणना के के लिए गणना एजेंट नियुक्त किए जाने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। नपा प्रधान व पार्षद पद के प्रत्याशियों द्वारा नगरपालिका कार्यालय कनीना में आवेदन दाखिल कर दिए हैं। चुनाव अधिकारी एसडीएम डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत ने



बताया कि नपा के 14 वार्डों के लिए मतगणना हॉल में प्रधान पद के लिए पांच टेबल, पार्षद पद के लिए पांच टेबल तथा एक टेबल आरओ के लिए लगाई जाएगी। पांच टेबल के माध्यम से तीन राउंड की मतगणना होगी। जिसकी सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्था के लिए पुख्ता प्रबंध किए जा रहे हैं।राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनीना में बनाए गए स्टांग रूम में ईवीएम रखी गई हैं। जिनकी सुरक्षा के लिए पुलिस कर्मचारी मुस्तैद हैं। मतगणना के समय सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए जाएगें। उल्लेखनीय है कि इस बार कनीना नगरपालिका चेयरमैन का सीधा चुनाव हुआ है। यह पद सामान्य श्रेणी की महिला के लिए आरक्षित है। जिसके लिए 7 महिलाएं सुमन देवी, रिंपी कुमारी, सरिता सिंह, कुसुमलता, संतोष देवी, सबिता देवी व सुमन चुनाव मैदान में हैं। 14 वार्ड के लिए 41 उम्मीद्वार वार्ड पार्षद के लिए भाग्य अजमा रहे है। 14 वार्डों में कुल 10413 मतदाताओं में से 8935 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया है। फोटो

## कामधेनु संस्थान में होली मिलन समारोह एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**(अनिल मोहनियां नूंह)**

नूँह जिले के तावडू उपमंडल के गांव बिस्सर-अकबरपुर कामधेनु आरोग्य संस्थान में ह्लहोली-मिलन समारोहह्व एवं ह्लनिःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविरह्व का आयोजन किया गया । इस अवसर पर आरोग्य संस्थान में मुख्य अतिथि नीति आयोग भारत सरकार के सदस्य प्रो. रमेश चन्द, आशीर्वचन आचार्य राजकृष्ण शास्त्री जी, श्रीधाम वृन्दावन, मुख्य वक्ता एकल विद्यालय फाउंडेशन ऑफ इंडिया के चेयरमैन आर्य रवि देव गुप्त, मार्गदर्शक अथ आयुर्वेद गुरुग्राम के एमडी डॉ. परमेश्वर अरोड़ा, विशिष्ट अतिथि आयुष धाम शोध संस्थान दिल्ली के संस्थापक नाड़ी वैद्य राकेश कुमार व क्विकक्लीन के चेयरमैन तथा सी.ए. परिवार एनजीओ के प्रेसिडेंट सीए सुभाष गुप्ता तथा हरियाणा राज्य और देश के अनेक महानुभाव उपस्थित रहे । सर्वप्रथम सत्यपाल गुप्ता ने हवन का शुभारम्भ किया । हवन का संचालन आदर्श गर्ग तावडू ने किया । हवन प्रथा के अनुसार मार्च मास में जिन लोगों के जन्मदिवस, शादी की वर्षगांठ एवं पुण्यतिथि थी, उनके नाम से अग्नि देव को आहुति अर्पित की गई तथा समस्त मानव जाति के हित में सुख-शांति के लिए प्रार्थना की गई । प्रियंक गुप्ता ने मंच का संचालन करते हुए कार्यक्रम का प्रारंभ किया। संस्थान के संस्थापक डॉ एस.पी. गुप्ता ने सभी अतिथियों का स्वागतार्थ परिचय करवाते हुए उनकी गौ-भक्ति का संक्षिप्त वर्णन किया और बताया कि कामधेनु गोधाम में वर्ष 2013 से वैदिक मासिक हवन का अनवरत आयोजन हो रहा है। उन्होंने सभी गौ-भक्तों का लगातार यहाँ आने के लिए धन्यवाद भी किया । स्वागत कार्यक्रम में प्रो. रमेश चन्द का स्वागत एस.पी.गुप्ता, रुचिर गुप्ता, सुनील जिंदल तावडू ने, आचार्य



राजकृष्ण शास्त्री का अनुपम गुप्ता, विकास सेहरावत ने, आर्य रवि देव गुप्त का शशि गुप्ता, आदर्श गर्ग तावडू, श्याम सुंदर गुप्ता ने, डॉ. परमेश्वर अरोड़ा का अनुपम गुप्ता, अञ्जू गुप्ता ने, सीए सुभाष गुप्ता का आर.एस.राठी, सुनील बंसल ने, रकेश कुमार का दीपक गर्ग, पुरेन्द्र गोयल, पवन जैन ने तुलसी का पौधा, कामधेनु स्मृति चिन्ह एवं संस्थान में पंचगव्य निर्मित घी का गिफ्ट पैक भेंट करके किया । डॉ. परमेश्वर अरोड़ा ने आयुर्वेद का महत्व बताते हुए कहा की डायबिटीज, जिसे ह्लअनुसंगीह्व भी कहा जाता है । अनुसंगी का अर्थ है वह जो अन्य रोगों को अपने साथ लाता है। जब शरीर में शर्करा का स्तर नियंत्रित नहीं रहता, तो यह दिल की बीमारियाँ, किडनी समस्याएँ, उच्च रक्तचाप जैसे अन्य रोगों को जन्म देता है। डायबिटीज सिर्फ एक बीमारी नहीं, बल्कि एक ऐसी स्थिति है जो कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को साथ लेकर आती है। इससे तीनों गुणों पर भी प्रभाव पड़ता है। यह केवल संकेतमात्र है । इसलिए हमें इसे समय रहते इसे नियंत्रित करना बहुत जरूरी है। सीए सुभाष गुप्ता ने अपने सम्बोधन में सभी का अभिनन्दन करते हुए कहा कि कामधेनु संस्थान जैसे संस्थानों का हमारे देश की पवित्र गौमाता संरक्षण एवं सेवा में अहम् योगदान है। उन्होंने डॉ. गुप्ता तथा शशि गुप्ता को शुभकामनाएँ देते हुए उनकी इस तपस्या को नमन किया । नाड़ी वैद्य राकेश कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि आजकल शरीर में जितनी भी बीमारियाँ हो रही हैं उन सबका मूल कारण है पेट का साफ न होना । यदि पेट साफ नहीं होता तो कब्ज की समस्या हो जाती है,कब्ज के बाद एसिडिटी और गैस आदि रोग पनपने लगते हैं और जोड़ों तथा कमर आदि की समस्या शुरू हो जाती है । ये समस्याएँ शुरू ना हों सके लिए त्रफला का सेवन कर सकते हैं । इसके अलावा अरण्डी का तेल, आँवला आदि भी रामबाण औषधियों के रूप में आपके शरीर की रक्षा करते हैं तथा डीटॉक्सिफिकेशन में भी सहायता करते हैं ।

आर्य रवि देव गुप्त ने अपने संक्षिप्त वक्तव्य में डॉ. गुप्ता को होली की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि डॉ. अरोड़ा ने स्वास्थ्य के लिए तीन गुणों सतोगुण,रजोगुण तथा तमोगुण के महत्व पर प्रकाश डाला । भैंस के दुग्ध में केवल तमोगुण होता है जिसका सेवन करने वाला आलस्य से भरा रहता है वहीं दूसरी ओर गौ माता के दुग्ध में सतोगुण तथा रजोगुण दोनो विद्यमान हैं जिससे मनुष्य धर्म तथा कर्म में रत रहता है । गाय का महत्व का अंदाजा आप इस बात से भी लगा सकते हैं कि यदि नवजात शिशु के आहार की पूर्ति माँ के दूध से नहीं हो पाती तो उसके विकल्प में डॉक्टर केवल और केवल गाय के दूध की ही सलाह देते हैं । आचार्य राजकृष्ण शास्त्री ने आशीर्वचन में कहा कि वेदों में कहा गया है कि गावो विश्वस्य मातरः अर्थात गाय विश्व की माता है । परन्तु यह विडम्बना ही है कि आजकल बालकों को सिखाया जा रहा है कि गाय एक पशु है । केवल गाय के बाहर के स्वरूप के बारे में ही बच्चों को जानकारी दी जाती है । कभी भी उन्हें यह नहीं बताया गया कि समुद्र मंथन में जो चौदह रत्न निकले थे उनमें से एक कामधेनु गाय भी थी जिसके भीतर 33 कोटि देवी-देवताओं का वास है । सच तो यह है कि गाय केवल विश्व की ही नहीं अपितु देवों की भी माता है जिस कारण भगवान कृष्ण ने गोचारण किया । कभी भी ईश्वर ने गोचारण करते हुए पादुकाओं को धारण नहीं किया । उन्होंने कहा कि गौ माता है तथा जिस स्थान पर उनकी सेवा होती है वह स्थान गोलोक धाम है । मैं, गुप्ता जी, या हृदय से कहूँ तो नन्द बाबा को बधाई देता हूँ जो अपने चतुर्थ आश्रम में गोसेवा करके स्वयं का तथा अपने सम्पूर्ण कुटुम्ब का कल्याण कर रहे हैं तथा सभी से आग्रह करता हूँ कि चाहे घर में या गोशाला में, गोसेवा करके अपने जीवन का कल्याण कीजिए । मुख्य अतिथि प्रो. रमेश चन्द ने अपने सम्बोधन में गायों की सुरक्षा पर जोर दिया और बताया कि भारत सरकार और हरियाणा सरकार गायों की रक्षा के लिए कई कदम उठा रही हैं। कुछ समय पूर्व बाड़मेर में 320 देसी गायों के उत्थान का प्रयास सरकार द्वारा किया गया जिसके कारण दुग्ध उत्पादन 7 लीटर प्रति गाय से 22 लीटर प्रति गाय पहुँच गया है । उन्होंने यह भी बताया कि ह्लकामधेनु आरोग्य संस्थानह्व इस दिशा में बहुत अच्छा काम कर रहा है। आज वह स्वयं इस संस्थान का दौरा करने आए थे, ताकि वह समझ सकें कि संस्थान क्या प्रयास कर रहा है और वह किस तरह से इसमें अपनी भूमिका निभा सकते हैं और योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि जबतक हम भारतीय संस्कृति, परंपरा, पद्धति को नहीं अपनाएंगे तब तक समस्याएँ ऐसी ही बनी रहेंगी । उन्होंने अपने वक्तव्य में संस्कारों के महत्व पर जोर गेते हुए कहा कि माता-पिता को बच्चें में सुसंस्कार देने चाहिए क्योंकि आगे चलकर यही संस्कार उनके सहायक बनेंगे ।

अन्त में कामधेनु आरोग्य संस्थान की अध्यक्षा शशि गुप्ता ने सभी महानुभावों का कामधेनु प्रांगण में पधारने और मार्गदर्शन देने पर धन्यवाद व्यक्त किया तथा साधुवाद दिया ।कार्यक्रम के पश्चात कामधेनु संस्थान की अध्यक्षा शशि गुप्ता, पायल गर्ग व अंजू गुप्ता ने होली उत्सव को मनाते हुए विधिवत रूप से सभी अतिथियों को चन्दन का तिलक लगाया और पुष्पवर्षा की एवं सभी ने एक दूसरे को होली के पावन पर्व की शुभकामनाएँ दी।

इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक डॉक्टर एस.पी. गुप्ता ने कहा कि वसंत ऋतु के पावन पर्व होली आगमन व बुराई पर अच्छाई की जीत का भी प्रतीक है । होली पर्व दो दिवसीय त्यौहार है। रंगों से खेलने और स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेने से एक दिन पहले, लोग होलिका दहन करते हैं। इस दिन, लोग प्रतीकात्मक अलाव जलाते हैं, जिसके बारे में कहा जाता है कि इससे उनके आस-पास की सभी बुराइयाँ नष्ट हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि संस्थान में आयोजित इस प्राकृतिक स्वास्थ्य संगोष्ठी का आयोजन बहुत सफल रहा। सैकड़ों मेहमानों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और हमें गर्व है कि हम एक बेहतर कल की दिशा में योगदान दे रहे हैं। इसके उपरांत मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने कामधेनु आरोग्य वैलनेस संस्थान एवं कामधेनु गोधाम का अवलोकन किया तथा गौवंश को सवामणि एवं चारा अर्पित करने के उपरान्त प्रसाद ग्रहण किया ।

इस अवसर पर आशा विष्णु भगवान, पायल गर्ग, विशाल गर्ग, अक्षत, राजेन्द्र कुमार गर्ग, नितेश गुप्ता, वासु गुप्ता, आचार्य मनीष, संजीव अग्रवाल, तेजपाल, रेणु गर्ग, एडवोकेट एल.एन. गुलाटी, अमन यादव, आर.एल. बंसल, मीना गुप्ता, राजपाल यादव, अजय जैन, सी.ए. संजय बिंदल, आतिश गुप्ता, राकेश अग्रवाल, सुशील गोयल, विजेन्द्र जांगड़ा, संयम गोयल, जय किशन, सोनू तायल, राजेश कुमार व देश के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

## अमेरिका में हिंदू मंदिर में तोडफ़ोड़

कैलिफोर्निया। अमेरिका के कैलिफोर्निया में चिनो हिल्स में मौजूद एक हिंदू मंदिर में तोडफ़ोड़ की गई और उस पर आपत्तिजनक नारे लिखे गए। अमेरिकी हिंदु संगठन ने इस घटना की निंदा की और कहा कि घटना लॉस एंजेलिस में होने वाले कथित खालिस्तानी जनमत संग्रह से कुछ दिन पहले हुई। पिछले साल भी अमेरिका में हिंदू मंदिरों में तोडफ़ोड़ की घटनाएं सामने आई थीं। कैलिफोर्निया के सैक्रामेंटो में श्री स्वामीनारायण मंदिर में 25 सितंबर को इसी तरह की घटना हुई थी।

## रूसी आर्मी ने यूक्रेनी सेना पर किया टारगेट अटैक

### -गैस पाइपलाइन में 15किमी चली रुसी सेना, कुर्स्क इलाके में लड़ाई जारी

मॉस्को। यूक्रेनी सेना ने पिछले साल अगस्त में रूस के कुर्स्क इलाके पर हमला कर लगभग 1,300 वर्ग किलोमीटर पर कब्जा कर लिया था। तब से रूसी सेना लगातार यूक्रेन को इस क्षेत्र से खदेड़ने के लिए संघर्ष कर रही है। रविवार को रूस की स्पेशल फोर्स ने कुर्स्क में यूक्रेनी सेना पर हमला करने के लिए करीब 15 किलोमीटर एक गैस पाइपलाइन के अंदर पैदल चलने का कठिन सफर तय किया। रूस के एक वॉर ब्लॉगर ने दावा किया है, कि रूसी स्पेशल फोर्स ने गैस पाइपलाइन के अंदर 15 किमी तक पैदल चलकर कुर्स्क के सुद्झा के पास यूक्रेनी सेना पर टारगेट अटैक किया। सुद्झा में एक बड़ा गैस ट्रांसफर स्टेशन स्थित है, जिसके जरिए रूस की नेचुरल गैस यूरोप तक पहुंचाई जाती है।

**द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पहली बार रूस में घुसपैठ**

युद्ध के जानकारों का कहना है कि सुद्झा में रातभर से लड़ाई जारी है, जो अब भी रुकी नहीं है। वहीं, एक अन्य वॉर ब्लॉगर यूरी कोटेनोक के मुताबिक, यूक्रेनी सेना इस इलाके से अपने सैन्य उपकरण हटाकर बॉर्डर के नजदीक ले जा रही है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यह पहली बार है जबकि किसी देश ने रूस की सीमा में इतनी गहरी घुसपैठ की है। हाल के महीनों में रूसी सेना ने कुर्स्क फ्रंट पर यूक्रेनी सेना को काफी पीछे धकेल दिया है।

**यूक्रेनी राज्यों में रूसी नियंत्रण**

युद्ध शुरू होने के बाद से रूस ने यूक्रेन के लगभग 20प्रतिशत हिस्से पर कब्जा कर लिया है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पहले ही यूक्रेन के चार पूर्वी प्रांत—डोनेट्स्क, लुहांस्क, जापोरिज्जिया और खेरसॉन—को रूस में शामिल करने की घोषणा कर चुके हैं। इस बीच, रूस के कुर्स्क इलाके में दोनों सेनाओं के बीच संघर्ष जारी है।

## पाकिस्तान में अहमदिया समुदाय के 45 लोगों पर मामला दर्ज

करांची। पाकिस्तान पुलिस ने अल्पसंख्यक अहमदिया समुदाय के 45 से ज्यादा सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मीडिया रिपोर्ट में करांची पुलिस ने कहा कि उसने 25 अहमदिया लोगों को हिरासत में ले लिया है, क्योंकि बड़ी संख्या में कट्टरपंथी मुस्लिमों ने सुरजानी टाउन क्षेत्र में उनके इबादत स्थल को घेर लिया और शुक्रवार की नमाज अदा करने पर उनके खिलाफ नारे लगाए। पुलिस अधिकारी के मुताबिक तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के कई कार्यकर्ता अहमदिया इबादत स्थल के बाहर एकत्र हुए और उन्हें धमकी दी कि वे नमाज अदा करना बंद कर दें, क्योंकि यह केवल मुसलमानों के लिए है।

## पीएम शरीफ का दावा कैसे होगा पूरा, पाकिस्तान में 1.6 करोड़ हैं बेरोजगार युवा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने हाल ही में दावा किया कि उनका देश जल्द ही विकास के मामले में भारत को पीछे छोड़ देगा। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो मैं अपना नाम बदल दूंगा। हालांकि, जमीनी हकीकत इससे उलट है। पाकिस्तान में 1.6 करोड़ से ज्यादा युवा न तो पढ़ाई कर रहे हैं और न ही नौकरी। बढ़ती बेरोजगारी और कमजोर अर्थव्यवस्था के कारण देश गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक 31 फीसदी युवा बेरोजगार हैं, जिनमें 51 फीसदी महिलाएं और 16 फीसदी पुरुष शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इंजीनियरिंग की डिग्री वाले 23.5 फीसदी युवा और स्नातक डिग्री धारक 16.1 फीसदी युवा भी बेरोजगार हैं। पाकिस्तान में 6.9 फीसदी की बेरोजगारी दर चिंता का विषय है। महंगाई, विदेशी कर्ज, और औद्योगिक विकास की कमी के चलते पाकिस्तान लगातार कर्ज लेने पर मजबूर है, लेकिन आर्थिक हालात नहीं सुधर रहे। 2023 में पाकिस्तान की बेरोजगारी दर 5.50 फीसदी थी, जो 2022 के 5.55 फीसदी से थोड़ी कम थी। विशेषज्ञों का मानना है कि पाकिस्तान भारत से मुकाबला करने की स्थिति में नहीं है। क्या प्रधानमंत्री का दावा हकीकत बनेगा या महज एक बयान साबित होगा? यह देखना दिलचस्प होगा।

## जयशंकर के आंकड़े वाले बयान पर हॉल में जमकर लगे ठहाके

लंदन। विदेश मंत्री एस जयशंकर इन दिनों ब्रिटेन के दौरे पर हैं। यहां मैनचेस्टर में उन्होंने शनिवार को नए भारतीय वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने भारतीय समुदाय और व्यापार क्षेत्र से जुड़े लोगों से बातचीत भी की। इस दौरान उन्होंने कुछ ऐसा कह दिया कि पूरा हॉल ठहाकों से गूंज उठा। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, मैं आपसे यह भी आग्रह करूंगा कि इस वाणिज्य दूतावास को वास्तव में उस युग की तैयारी के रूप में सोचें। हम स्पष्ट रूप से आने वाले समय में संबंधों में बहुत बड़ी उछाल की उम्मीद कर रहे हैंज्मेरा अनुभव यह है कि जब भी मैं कोई आंकड़ा लेकर आता हूं, तो कोई मुझे बड़ी संख्या के साथ सही कर देता है। इसलिए मैं समुदाय के आकार के लिए एक संख्या के साथ यहां आया था, लेकिन आपसे सुनने के बाद, मैंने इसे अपने पास रखने का फैसला किया।

# ट्रंप का साथ छूटने से घबराए यूरोपीय देश कर रहे जंग की तैयारी, जनता को थमा रहे हथियार



**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई तीखी बहस के बाद यूरोपीय देश टेंशन में आ गए हैं। उन्हे लग रहा है कि अमेरिका ने उनका साथ छोड़ दिया है। इसके बाद से ही सभी देश जंग की तैयारियों में जुटे दिखाई दे रहे है। वे अपनी जनता को हथियार दे रहे और उन्हे उसका प्रशिक्षण भी दे रहे हैं। अब तक अमेर?िका यूरोप के देशों की रक्षा में हमेशा खड़ा रहता था। उसके फाइटर जेट्स, आर्मी हर पल उनकी सिक?योरिटी में लगे रहते थे। लेकिन जब से ट्रंप ने कह दिया है कि अब वे एक रुपया भी इन पर नहीं खर्च करने वाले, तब से यूरोपीय देश खौफ में आ गए हैं। यूरोपीय यूनियन के नेताओं ने इमरजेंसी मीटिंग की है। इसमें डिफेंस बजट तुरंत बढ़ाने का ऐलान किया गया है। इसके अलावा पोलैंड अपने सभी लोगों को हथियारों की ट्रेनिंग देने जा रहा है। कुछ ऐसा ही प?लान फ्रांस और जर्मनी का भी है। ब्रिटेन के आर्मी चीफ पहले से कहते आ रहे हैं कि हमें सबको आर्म्स ट्रेनिंग देनी होगी, कि अगर कोई अटैक हो तो उसका मुकाबला किया जा सके।पोलेंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने संसद में कहा कि पोलैंड में सभी पुरुषों को आर्मी ट्रेनिंग देने जा रहे हैं। हम पोलिश सेना का आकार वर्तमान 200,000 से बढ़ाकर 500,000 करना चाहते हैं। महिलाएं भी ट्रेनिं ले सकती हैं। पोलैंड अपना डिफेंस बजट 5 प्रतिशत तक बढ़ाएगा।

यूरोपीय यूनियन के 27 देशों ने मिलकर 800 बिलियन यूरो का एक?स?ट्रा डिफेंस बजट मंजूर किया है। इनमें 150 बिलियन यूरो से नए हथियार और गोला बारूद खरीदा जाएगा। फ्रांस, जर्मनी से लेकर ब्रिटेन तक अभी डिफेंस इंडस?ट्री में जान फूंकने का ऐलान कर चुके हैं। उन?हें ज?यादा गोला-बारूद बनाने का आदेश दिया जा चुका है। हंगरी ने अपना डिफेंस बजट अचानक बढ़ा दिया है।जर्मनी अपनी रक्षा के लिए सैकड़ों अरब यूरो इन?वेस?ट करने जा रहा है। जर्मनी का रक्षा बजट दोगुना होकर 100 बिलियन यूरो तक जा सकता है। चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा-हम डिफेंस सेक?टर के लिए बैंकों से मिलने वाले कर्ज को आसान बनाने जा रहे हैं। हम चाहते हैं किए ज?यादा से ज?यादा हथियार बनाए जाएं, अपने लोगों को सेना की ट्रेनिंग दी जाए।

फ्रांस के राष?ट्रपति इमैनुअल मैक्रों डिफेंस बजट को जीडीपी के 3-3.5 प्रतिशत तक बढ़ाने जा रहे हैं। अभी फ्रांस का रक्षा बजट जीडीपी का 2 प्रतिशत है। फ्रांस पहले से ही नई मुहिम के तहत 2030 तक सैन्य खर्च में प्रतिवर्ष 3 बिलियन यूरो (3.15 बिलियन डॉलर) की वृद्धि कर रहा है। नए हथियार और युद्धक उपकरण खरीदने की तैयारी है।

## नासा की ड्रिलिंग मशीन, देखते ही देखते छेद डाला चांद का सीना



नई दिल्ली। नासा की नई ड्रिलिंग मशीन चांद पर एक नए यु की शुरुआत कर रही है। इस मशीन ने देखते ही देखते चंद्र की सतह में गहरा छेद कर दिया। नासा का यह अत्याधुनि उपकरण है। इसे लैंडर के जरिए चांद पर भेजा गया है। अ तक इंसानों ने चंद्रमा की सतह का केवल 5 प्रतिशत हिस्सा एक्सप्लोर किया है। मिशन के तहत नासा इसे और आगे जाने की तैयारी कर रहा है। चंद्रमा को बेहतर तरीके समझना बेहद जरूरी है, क्योंकि यह भविष्य में मंगल अं अन्य ग्रहों पर जाने की नींव रखेगा। लिस्टर का मकसद च के अंदरूनी तापमान को मापना है। इस मशीन में एक खा तरह की ड्रिल लगी हुई है, जो तीन मीटर तक खुदाई क सकती है। हर आधे मीटर की गहराई पर यह सिस्टम रुकक एक खास थर्मल प्रोब को चंद्रमा की मिट्टी में डालता है। इस यह दो तरह की जानकारी जुटाएगा– थर्मल ग्रेडिएंट (गहर के साथ तापमान में बदलाव) और थर्मल कंडक्टिविटी (मिट्टी तापमान के संचार की क्षमता)। इस प्रोजेक्ट का मकसद चंद्र के तापमान और उसकी सतह की बेहतर समझ बनाना ताकि भविष्य में इंसानी बस्तियां बसाने की योजना बनाई ज सके। यह ड्रिलिंग मशीन सिर्फ चांद तक ही सीमित नहीं रहेगी अगर यह सफल रहा, तो भविष्य में मंगल और अन्य ग्रहों क सतह पर भी इसी तरह की खुदाई की जाएगी।

# सीरिया में महिलाओं को नंगा घुमाया गोली मारी, 2 दिन में 1 हजार से अधिक की मौत



**दमिश्क (एजेंसी)।** सीरिया एक बार फिर हिंसा की आग में जलने लगा है। यहां महिलाओं के सरेआम नंगा घुमाया जा रहा है उन्हे गोलियों से भून दिया जाता है। इस तरह अब तक एक हजार से अधिक लोगों को मौत के घाट उतार दिया गया है। सुरक्षा बलों और पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद के समर्थकों के बीच संघर्ष के दौरान हिसा हुई थी।

गवाहों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि महिलाओं को कथित तौर पर निर्वस्त्र करके सड़कों पर घुमाया गया और फिर गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस भयावह दृश्य ने हिंसा को और भड़का दिया।बानियास शहर को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। वहां सड़कों पर शव पड़े हुए थे। इमारतों की छतों पर भी लाशें देखी गईं। बंदूकधारियों ने नागरिकों को शवों को दफनाने से रोक रखा था। एक निवासी ने एपी को बताया, यह बहुत बुरा था। शव सड़कों पर थे। लोग अपने शहर से भाग रहे थे। बंदूकधारी बिना किसी कारण के गोलियां चला रहे थे। घरों और कारों को भी जलाया जा रहा था।

यह हिंसा तब शुरू हुई जब वर्तमान सरकार के पक्ष में गोलियां चलाने वाले बंदूकधारियों ने पूर्व राष्ट्रपति असद के प्रति वफादार अलावित अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ बदले की भावना से हत्या की शुरुआत की। अब हिंसा कुछ हद तक रुक गई है और सरकार ने अधिकांश इलाकों पर नियंत्रण पुनः स्थापित कर लिया है। अधिकारियों ने स्थिरता बहाल करने के लिए तटीय क्षेत्र की ओर जाने वाली सभी सड़कें बंद कर दी हैं, जहां हिंसा का केंद्र था।

सीरियाई मानवाधिकार वेधशाला ने कहा कि संघर्षों में 745 नागरिक मारे गए, जिनमें से अधिकांश को नजदीक से गोलियों से मारा गया था। इसके अलावा, 125 सरकारी सुरक्षा बलों के सदस्य और असद से जुड़े सशस्त्र समूहों के 148 उग्रवादी भी मारे गए हैं।असद शासन के दौरान अलावितों को सेना और अन्य उच्च पदों पर प्रमुख स्थान मिला था। हालांकि, तीन महीने पहले नए शासन की शुरुआत के साथअलावित समुदाय को बार-बार उनके पूर्व राष्ट्रपति से जुड़े होने के कारण निशाना बनाया गया है।ब्रिटेन स्थित सीरियाई मानवाधिकार वेधशाला ने कहा कि हिंसा के साथ-साथ कई अलावित बहुल क्षेत्रों में बिजली और पीने का पानी भी काट दिया गया है। अलावित गांवों के लोगों ने एपी को बताया कि समुदाय के कई घरों को लूटा गया और फिर आग लगा दी गई। लेबनान के राजनेता हैदर नासिर अपने देश की संसद में अलावित समुदाय के लिए निर्धारित दो सीटों में से एक पर बैठते हैं।

## दुनिया का सबसे अमीर रेस्टोरेंट कारोबा ट्रंप का यार... जमीन से शिखर तक पहुंचे



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** दुनिया भर की हॉस्पिटैलिटी और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के लिए टिलमैन फर्टिटा मशहूर नाम है। इस अरबपति अमेरिकी कारोबारी को दुनिया का सबसे अमीर रेस?टोरेंट कारोबारी बताया जाता है। दुनिया की सबसे मशहूर लक्जरी होटल कैसीनो के 10 प्रतिशत से ज्यादा शेयर खरीदकर वे फिर चर्चा में हैं। अमेरिकी राष?ट्रपति डोनाल?ड ट्रंप के 'जिगरी यार' माने जाने वाले फर्टिटा की नेटवर्थ 90,100 करोड़ है। वे नेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन (एनबीए) के ह्यूस्टन रॉकेट्स के भी मालिक हैं। फर्टिटा ने 'शट अप एंड लिसन' नामक एक किताब भी लिखी है, जो काफी मशहूर है।

बात दें कि ट्रंप के करीबी यार फर्टिटा के पास अमेरिका के 36 राज्यों और 15 से अधिक देशों में 600 से ज्यादा होटल, रेस्तरां और एंटरटेनमेंट प्रॉपर्टी हैं। उनकी कंपनियों में दुनियाभर में 60,000 से ज्यादा लोग काम करते हैं। एक छोटे से फिश कारोबार से लेकर हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री के टाइकून बनने तक का सफर फर्टिटा के लिए आसान नहीं था, लेकिन उनकी मेहनत और दूरदर्शिता ने उन्हें यहां पहुंचाया। टिलमैन फर्टिटा का जन्म 25 जून, 1957 को टेक्सास के गैल्वेस्टन में हुआ था। वे सिसिली मूल के हैं। फर्टि ह्यूस्टन विश्वविद्यालय से पढाई की। उ पिता का एक छोटा सा फिश रेस्टोरेंट इसकारण बचपन में ही उन्होंने अपने ि के काम से हॉस्पिटैलिटी का हुनर सी और उसी को आगे बढ़कर फर् एंटरटेनमेंट की नींव रखी। आज उ कंपनी के पास लैंड्रीज सीफूड हा मास्ट्रोज़, मॉर्टन्स द स्टेकहाउस और बु गम्प श्रिम्प कंपनी जैसे प्रसिद्ध ब्रांड हैं।

फर्टिटा ग्राहक को भगवान मानते अपनी किताब शट अप एंड लिसन उन?होंने लिखा, ÷हॉस्पिटैलिटी का मत सीधा है, ग्राहक के साथ आपका व्यव कैसा है, आप उनकी कितनी इज्जत क हैं और परिस्थितियों के हिसाब से खुद कितना बदल सकते हैं। यही सोच उन सफलता का सबसे बड़ा कारण ब फर्टिटा की सफलता के चर्चे व्हाइट हा तक हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी उ अच्छे दोस्त माने जाते हैं।

# धर्मगुरु पोप की सैलरी सुन रह जाएंगे हैरान

### –पूरी सैलरी जरूरतमंदों को कर देते हैं दान, नहीं है कोई निजी संपत्ति




**वेटिकनसिटी (एजेंसी)।** ईसाइयों के सबसे बड़े धर्मगुरु पोप को मासिक वेतन मिलने की परंपरा है। यह वेतन 32,000 डॉलर हर माह दिया जाता है। सालाना यह राशि 3,84000 डॉलर होती है यानी हर महीने पोप फ्रांसिस को करीब 26,52,480 लाख रुपए सैलरी मिलती है। यह रकम सालाना करीब 31,829,760 करोड़ रुपए बैठती है। हालांकि पोप फ्रांसिस ने साल 2013 में पदभार संभालने के बाद से सैलरी लेने से इनकार कर दिया था। वह अपनी पूरी सैलरी जरूरतमंदों लोगों को दान कर देते हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक पोप फ्रांसिस की पूरी सैलरी अनाथ बच्चों की शिक्षा, गरीबों की मदद, चर्च की सहायता, चैरिटी और दूसरे कामों में खर्च होती है। पोप फ्रांसिस, पोप के रूप में नामित होने से पहले भी रोमन कैथोलिक चर्च में जब अहम पद पर थे, तब भी वे सैलरी नहीं लेते थे। एक रिपोर्ट के मुताबिक पोप की कुल संपत्ति 25 मिलियन डॉलर (2,07,23,75,000 अरब रुपए) के आसपास है। यह संपत्ति उनकी निजी नहीं है, बल्कि पोप के रूप में उनके पद के साथ उन्हें मिली है।

पोप के नाम पर पांच लग्जरी कारें, कई प्रॉपर्टी और दूसरी चीजें हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पोप को हर साल करोड़ों रुपए का डोनेशन और गिफ्ट भी मिलते हैं, जो चर्च के पास चले जाते हैं। पोप, खुद किसी गिफ्ट या दान को अपने पास नहीं रखते हैं। पोप को सबसे ज्यादा दान रोथ्सचाइल्ड परिवार देता है। हालांकि वे यहूदी हैं। पोप की उपहार के तौर पर आमदनी 2.9 मिलियन डॉलर सालाना है। उनके पास रियल एस्टेट के तौर पर 16 मिलियन डॉलर की संपत्ति है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पोप फ्रांसिस के पास इटली में करोड़ों डॉलर की रियल एस्टेट प्रॉपर्टी है। रिपोर्ट में पोप के स्वामित्व वाली 10 संपत्तियों की सूची दी गई है, जिनकी कुल अनुमानित कीमत 10.3 मिलियन डॉलर है। पोप के स्वामित्व वाली सबसे मूल्यवान संपत्ति रोम शहर के बाहर फ्रैस्काटी शहर में एक विला है। इस विला की कीमत 5.1 मिलियन डॉलर आंकी गई है। वेटिकन सिटी में एक अपार्टमेंट भी है, जिसकी अनुमानित कीमत 1.03 मिलियन डॉलर है। इनमें से ज्यादातर संपत्तियां उन्हें उपहार में दी गई थीं। वेटिकन ने पुष्टि की थी कि पोप फ्रांसिस शुरू से ईसा मसीह के सच्चे सिद्धांतों का पालन करते हैं। उन्होंने चर्च से कोई पैसा नहीं लिया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पोप के रहने-खाने के खर्च जैसे भोजन, यात्रा और आवास का भुगतान वेटिकन के क्यूरिया फंड से किया जाता है। उनकी सुरक्षा से लेकर अन्य जिम्मेदारियां भी वेटिकन ही उठाता है।

# सर्वे में मिले संकेत: अमेरिका से बहस बाद जेलेंस्की की अप्रूवल रेटिंग में इजाफा



**कीव (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ व्हाइट हाउस में हुई तीखी बहस के बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति के लिए देश में समर्थन बढ़ा है। सर्वे के अनुसार, अमेरिकी प्रशासन के साथ बढ़ते तनाव के बीच जेलेंस्की की अप्रवल रेटिंग में इजाफा हुआ है। कीव इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सोशियोलॉजी (केआईआईएस) के सर्वे में पाया गया कि मार्च की शुरुआत में जेलेंस्की की अप्रूवल रेटिंग बढ़कर 68 प्रतिशत हो गई, जो एक महीने पहले 57 प्रतिशत थी। इस बीच, उनकी डिसअप्रूवल रेटिंग 37 प्रतिशत से गिरकर 27 प्रतिशत हो गई।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी एयरोस्पेस फर्म मैक्सार द्वारा ली गई युद्ध के मैदान की तस्वीरें अब यूक्रेन के लिए उपलब्ध नहीं होंगी। कीव इन तस्वीरों का इस्तेमाल रूसी सेना की गतिविधियों पर नजर रखने और हवाई हमलों के बाद नुकसान का आकलन करने के लिए कर रहा था।

सर्वे के नतीजों पर टिप्पणी करते हुए, केआईआईएस के कार्यकारी निदेशक एंटोन ह्रुशेत्स्की ने कहा, यूक्रेन के लोग नई अमेरिकी सरकार की बयानबाजी को पूरे यूक्रेन और सभी यूक्रेनवासियों पर हमला मानते हैं। 28 फरवरी को व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ जेलेंस्की की बैठक एक तीखी बहस में बदल गई। दो देशों के नेताओं के बीच बहस को पूरी दुनिया ने देखा। इस घटनाक्रम के कारण निर्धारित प्रेस कॉन्फ्रेंस और एक प्रत्याशित द्विपक्षीय कच्चे माल समझौते को रद्द करना पड़ा। ट्रंप प्रशासन लगातार यूक्रेन पर रूस के साथ जारी युद्ध को समाप्त करने का दबाव डाल रहा है। अमेरिका ने अब सैटेलाइट तस्वीरों तक यूक्रेन की पहुंच को रोक दिया है।मैक्सार ने एक ब में कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोना ट्रंप की इच्छा के अनुरूप, अब यू में यूजर्स के लिए इन तस्वीरों तक प को ब्लॉक किया जा रहा है। अंतरिक्ष प्राप्त तस्वीरें कीव के टूलबॉक्स में म महत्वपूर्ण हथियार रही हैं। इन इस्तेमाल टोही ड्रोन मिशन की योज बनाने, टैंकों-वाहनों के रूसी भंडार खोजने और रूसी नियंत्रित क्षेत्रों हमलों के परिणामों का आकलन क के लिए किया जाता है। अमेरि यूक्रेन को पहले ही सैन्य सहायता र चुका है और फिर उसने खुफि जानकारी साझा करना बंद कर दिया

# चरवाहों और केयर टेकर को पिछले दो महीने से सैलरी नहीं मिलने से गौवंश की नहीं हो पाई देखभाल

### –भूख–प्यास से 19 गायों की मौत, सडक़र कंकाल बने

**गरियाबंद (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में कोपरा गौशाला में 2 महीने में भूख-प्यास से 19 गायों की मौत हो गई। कुछ तो कंकाल में तब्दील हो गईं। मृत गायों को पैरी नदी के किनारे फेंक दिया गया। बदबू फैलने के बाद इसका खुलासा हुआ। जांच में पता चला कि, चरवाहों और केयर टेकर को पिछले दो महीने से सैलरी नहीं मिली है। इस कारण गौवंश की देखभाल नहीं हो पाई।

स्थानीय लोगों की शिकायत पर राजिम एसडीएम विशाल महाराणा अपनी टीम के साथ जांच के लिए पहुंचे। पता चला कि, गौशाला में मौजूद 150 मवेशी भी भूख से बेहाल थे। चारा-पानी नहीं मिलने के कारण कई पशु तो खड़े होने की स्थिति में भी नहीं थे। प्रशासन ने गौशाला संचालक मनोज साहू को फटकार लगाई। जिम्मेदार पशु चिकित्सक को भी नोटिस जारी होगा।

**150 मवेशियों का रेस्क्यू**

प्रशासन ने बाकी सभी 150 मवेशियों को रेस्क्यू कर लिया है। जिला प्रशासन अब गौशाला का संचालन दूसरी संस्था को सौंपने की तैयारी कर रहा है। संचालक मनोज साहू के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। वहीं, स्थानीय लोगों ने उच्च स्तरीय जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। गरियाबंद कलेक्टर ने घटना के बाद सीएमओ, संस्था प्रमुख और स्थानीय पशु चिकित्सा को नोटिस जारी करने के आदेश दिए है। एसडीएम विशाल महाराणा ने इस पूरे मामले को लेकर संस्था प्रमुख को दस्तावेजों के साथ तलब किया है। गायों की मौत की जानकारी विहिप कार्यकर्ता कुणाल साहू और अजय यादव को लगी, तो वे संगठन से बात कर निगरानी में लगे थे। उन्होंने बताया कि, 6 साल पहले कोपरा के इस गौशाला का शुभारंभ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेश्वर पटेल ने किया था। लेकिन लापरवाही के चलते गौवंशों की मौत हो रही है।

**एक महीने के भीतर 45 से ज्यादा गौवंश की मौत**



बजरंग दल जिला संयोजक मोहित साहू और विहिप के डिगेश्वर वर्मा ने कहा कि, गौशाला में पर्याप्त चारे की व्यवस्था नहीं थी। उन्होंने आरोप लगाया है कि, एक महीने के भीतर 45 से ज्यादा गौवंश की मौत हुई है। लेकिन उनका विधिवत अंतिम संस्कार भी नहीं किया गया। संचालक और जिम्मेदारों पर कार्रवाई हो। गौशाला संचालन के लिए नगर पंचा को सौंप दिया जाए।

# बर्ड फ्लू की खबर के बाद लोगों में दहशत, चिकन बिक्री में गिरावट की उम्मीद

**- मटन का रेट हो जाएगा दोगुना**

**पटना ।**

होली से पहले चिकन-मटन के शौकीन लोगों के लिए भारत में बड़ी खबर आई है। यहां मुर्गियों पर एक आफत मंडराने लगी है, जो कीमतों में उछाल ला सकती है। 27 फरवरी को अचानक से कई मुर्गियों की मौत की खबरें आने के बाद भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने बर्ड फ्लू की पुष्टि की है। आईसीएआर परिसर में मुर्गियों की मौत ने प्रशासन को सकते में डाल दिया था, जिसके बाद उन्होंने सभी मुर्गियों को जलाकर दफना दिया। पटना के अलावा, झारखंड के बोकारो जिले में भी बर्ड फ्लू की पुष्टि हो चुकी है. यहां के राजकीय कुक्कुट प्रक्षेत्र में एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस पाया गया, जिसके बाद प्रशासन ने एक किलोमीटर के दायरे में मौजूद सभी मुर्गियों को मारने का आदेश जारी कर दिया। ऐसे में चिकन के शौकीनों को खासतौर पर सतर्क रहने की जरूरत है, क्योंकि संक्रमित मुर्गे के संपर्क में आने से वायरस इंसानों में भी फैल सकता है।

बर्ड फ्लू की खबर के बाद लोगों में दहशत है, और चिकन की बिक्री में भारी गिरावट आ सकती है। वहीं, चिकन के विकल्प के रूप में मटन की मांग तेजी से बढ़ने की संभावना है, जिससे इसकी कीमतों में बड़ा उछाल देखने को मिलेगा। फिलहाल, 700-800 रुपये प्रति किलो मिलने वाला मटन होली तक 1400-1600 रुपये प्रति किलो तक पहुंच सकता है। बर्ड फ्लू से बचाव के लिए प्रशासन ने कच्चे और अधपके मांस से परहेज करने की सलाह दी है। चिकन और अंडे को अच्छी तरह से पकाकर ही खाने की हिदायत दी गई है, ताकि किसी भी तरह के संक्रमण से बचा जा सके।

# निवेशकों के लिए बड़ा मौका, इस सप्ताह आएंगे तीन आईपीओ

**- नैप्स ग्लोबल की भी होगी लिस्टिंग**

**नई दिल्ली ।**

भारतीय शेयर बाजार के लिए इस हफ्ते कुछ खास हलचल की संभावना है, क्योंकि प्राइमरी मार्केट में दो नई कंपनियां आईपीओ लेकर आ रही हैं और एक कंपनी का लिस्टिंग होने वाली है। यह समय निवेशकों के लिए नए मौके लेकर आया है, क्योंकि अलग-अलग क्षेत्रों की कंपनियां अपने शेयर पेश कर रही हैं। पहली कंपनी है पीडीपी शिपिंग एंड प्रोजेक्ट्स लिमिटेड, जो लॉजिस्टिक्स का कारोबार करती है और इसका आईपीओ 10 मार्च को खुलेगा। दूसरी कंपनी है सुपर आयरन फाउंड्री, जो लोहा और स्टील के कारोबार में है और इसका आईपीओ 11 मार्च को शुरू होगा। इसके अवसर पर निवेशकों को सलाह दी जा रही है वे अपडेट के लिए आईपीओ वॉच पोर्टल पर नजर रखें। साथ ही नैप्स ग्लोबल नाम की कंपनी का आईपीओ लिस्टिंग भी होने जा रही है, जिसका अलॉटमेंट पूरा हो चुका है और 11 मार्च को शेयर




बाजार में लिस्ट होगा। इस हफ्ते दो एसएमई आईपीओ भी निवेश के लिए उपलब्ध हैं, जो छोटे उद्यमों के लिए एक अहम मौका हो सकता है।

# सेंसेक्स की शीर्ष सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.10 लाख करोड़ बढ़ा

**- सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज रही**

**नई दिल्ली ।**

पिछले सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 2,10,254.96 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) रहीं।

समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 66,985.25 करोड़ रुपये बढ़कर 16,90,328.70 करोड़ रुपये, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार मूल्यांकन 46,094.44 करोड़ रुपये बढ़कर 13,06,599.95 करोड़ रुपये रहा। बाजार मूल्यांकन में तेज उछाल के बाद टीसीएस एक बार फिर शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 39,714.56 करोड़ रुपये बढ़कर 6,53,951.53 करोड़ रुपये, भारती एयरटेल का मूल्यांकन 35,276.3 करोड़ रुपये बढ़कर 9,30,269.97 करोड़ रुपये, आईटीसी का बाजार पूंजीकरण 11,425.77 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 5,05,293.34 करोड़ रुपये, आईसीआईसीआई बैंक का 7,939.13 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 8,57,743.03 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत में 2,819.51 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई और उसका बाजार पूंजीकरण 5,17,802.92 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इस रुख के विपरीत एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 31,832.92 करोड़ रुपये घटकर 12,92,578.39 करोड़ रुपये पर आ गया। बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 8,535.74 रुपये घटकर 5,20,981.25 करोड़ रुपये रह गई। इन्फोसिस का मूल्यांकन 955.12 करोड़ रुपये घटकर 7,00,047.10 करोड़ रुपये रह गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।

# विदेशी बाजार में भाव बढ़ने से भारत में खाद्य तेलों के दाम सुधार

**- सरसों दाने का थोक भाव 10 रुपये सुधार के साथ 6,260-6,360 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद**

**नई दिल्ली ।**

पिछले सप्ताह विदेशी बाजारों में पाम और पामोलीन के दामों में वृद्धि देखी गई, जिससे भारत में खाद्य तेलों के दाम सुधार, सोयाबीन की बिक्री पर नेफेड की अटकल देखने को मिली। त्योहारी मांग के कारण होने वाले बंद होने के दाम सुधार से बाजार में व्याप्त माहौल देखा गया। नेफेड ने सोयाबीन की बिक्री के दाम में सुधार की अटकल चलाई, जिससे सोयाबीन के दाम में उत्तरदायित्वपूर्ण सुधार देखा गया। साथ ही, सरसों की आगामी मुंबई महानगरपालिका तक बेचने के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग कर रहे राजस्थान के किसानों ने भी दबाव बनाया। होली के बाद सरकार की ओर से एमएसपी पर उसकी खरीद की संभावना भी देखी जा रही है। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 10 रुपये सुधार के साथ 6,260-6,360 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का थोक भाव 50 रुपये सुधार के साथ 13,650 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 20-20 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 2,370-2,470 रुपये और 2,370-2,495 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज का थोक भाव क्रमशः 25-25 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 4,225-4,275 रुपये और 3,925-3,975 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। इसी तरह सोयाबीन दिल्ली एवं सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम के दाम क्रमशः 50 रुपये, 100 रुपये और 25 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 14,200 रुपये, 13,850 रुपये और 10,125 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तिलहन का भाव 75 रुपये के सुधार के साथ 5,675-6,000 रुपये क्विंटल पर बंद हुआ। वहीं मूंगफली तेल गुजरात और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल का भाव क्रमशः 100 रुपये और 25 रुपये के सुधार के साथ 14,400 रुपये और 2,225-2,525 रुपये प्रति टिन पर बंद हुआ। कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का दाम 50 रुपये के सुधार के साथ 13,200 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन दिल्ली का भाव 100 रुपये की तेजी के साथ 14,800 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव 50 रुपये सुधार के साथ 13,700 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

# एफपीआई ने मार्च में घरेलू शेयर बाजार से 24,753 करोड़ निकाले

**- विदेशी निवेशकों ने फरवरी में 34,574 करोड़ रुपये और जनवरी में 78,027 करोड़ रुपये की निकासी की थी**

**नई दिल्ली ।**

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मार्च के पहले सप्ताह में घरेले शेयर बाजारों से 24,753 करोड़ रुपये (2.8 अरब डॉलर) की निकासी की है। इससे पहले फरवरी में विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से 34,574 करोड़ रुपये और जनवरी में 78,027 करोड़ रुपये की निकासी की थी। कंपनियों की कमजोर आय और वैश्विक स्तर पर व्यापार तनाव बढ़ने के बीच एफपीआई लगातार शुद्ध बिकवाल बने हुए हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि इस साल अब तक एफपीआई कुल 1.37 लाख करोड़ रुपये की निकासी कर चुके हैं। आंकड़ों के अनुसार एफपीआई ने इस महीने सात मार्च तक 24,753 करोड़ रुपये के शेयर बेचे है। यह उनकी शुद्ध निकासी का लगातार 13वां सप्ताह है। 13 दिसंबर, 2024 से एफपीआई 17.1 अरब अमेरिकी डॉलर के शेयर बेच चुके हैं। विदेशी निवेशकों द्वारा निरंतर बिक्री मुख्य रूप से वैश्विक और घरेलू कारकों के संयोजन के कारण है। बाजार के जानकारों ने कहा कि अमेरिका द्वारा मेक्सिको, कनाडा और चीन जैसे देशों पर ऊंचा शुल्क लगाए जाने तथा भारत सहित कई देशों पर जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा से बाजार धारणा प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि घरेलू मोर्चे पर कंपनियों के कमजोर नतीजों ने नकारात्मक धारणा को और बढ़ा दिया है। इससे एफपीआई भारतीय शेयरों को लेकर सावधानी बरत रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह अनिश्चितता कमजोर रुपये से और बढ़ गई है,




जिससे भारतीय परिसंपत्तियों का आकर्षण कम हो गया है। रुपये में गिरावट ने एफपीआई के लिए रिटर्न को कम कर दिया है। वहीं भारत की कर संरचना भी एक कारण है, जिसमें दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ पर 12.5 प्रतिशत कर और अल्पकालिक लाभ पर 20 प्रतिशत कर है, जो वैकल्पिक बाजारों के विपरीत है, जो कम या शून्य कर वातावरण प्रदान करते हैं।

## महानायक ने अयोध्या में दो बीघा जमीन खरीदी, जल्द करेंगे बड़ा ऐलान

**अयोध्या ।**

अयोध्या के निकट राम मंदिर से करीब 20 मिनट की दूरी पर स्थित तिहुरा मांझा में महानायक अमिताभ बच्चन ने 86 लाख रुपये में दो बीघा जमीन खरीदी है। इस जमीन पर पिता हरिवंशराय बच्चन के नाम पर मेमोरियल ट्रस्ट बनने की संभावना है। इस खरीदी के माध्यम से द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा ने हरिवंशराय बच्चन मेमोरियल ट्रस्ट के नाम पर उपहार पेश किया है। यह जमीन राम मंदिर से करीब 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। एक सूत्र के अनुसार, अमिताभ बच्चन ने यह खरीदी के लिए अयोध्या आने वाले पर्व का चयन किया था। उन्होंने पुराने यात्रियों से शुभकामनाएं ली और हमेशा अयोध्या के किनारे वाले छोरे का अनुभव करने की आशा जताई। इससे पहले भी अमिताभ बच्चन की अयोध्या में जमीन खरीदने की खबरें सामने आई थीं। उन्होंने रामनगरी में पिछले महीने भ्रमण किया था और वहां राम मंदिर में दर्शन किए थे।

## टाटा मोटर्स फाइनेंस के विलय की मंजूरी के बाद आईपीओ लाएगी टाटा कैपिटल

**नई दिल्ली ।** आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए टाटा कैपिटल ने अपने विलय को मंजूरी देने के बाद राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) से शुरूआती दस्तावेज़ दाखिल करने की तैयारी की है। प्राथमिक श्रोतों के अनुसार इस आईपीओ का आकार करीब दो अरब डॉलर (17,000 करोड़ रुपये) हो सकता है। इसके साथ ही कंपनी का मूल्यांकन भी इसी आईपीओ के लिए लगभग 11 अरब डॉलर होगा। इस आईपीओ के साथ टाटा कैपिटल भारतीय रिज़र्व बैंक की मान्यता को प्राप्त करके अपनी वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के लिए न केवल अपना उत्तर्दायित्व बढ़ा रहा है, बल्कि उच्चतम स्तर की एनबीएफसी में भी मान्यता प्राप्त कर रहा है। यह अवसर न केवल कंपनी के विकास के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है, बल्कि यह देश के वित्तीय क्षेत्र में भी एक ग़म्भीर कदम हो सकता है।

## अल्ट्रावॉयलेट अगले तीन से चार साल में 870 करोड़ निवेश करेगी

**बेंगलुरु।** प्रीमियम इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन निर्माता अल्ट्रावॉयलेट ने अगले तीन से चार साल में करीब 10 करोड़ डॉलर (करीब 870 करोड़ रुपये) का निवेश करने की योजना बनाई है। इस निवेश का मुख्य ध्यान उत्पाद पोर्टफोलियो, विनिर्माण और नेटवर्क विस्तार पर होगा। अल्ट्रावॉयलेट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ने इस निवेश की जानकारी दी। कंपनी ने अगले तीन साल में स्कूटर और लंबी दूरी की क्रूजर बाइक सहित 10 नए उत्पाद लाने की योजना घोषित की है। यह नए उत्पाद भारत, यूरोप और दक्षिण-पूर्व एशिया में उपलब्ध होंगे। कंपनी का लक्ष्य इस अवधि में एक लाख इकाइयों की सालाना बिक्री करना है। अल्ट्रावॉयलेट के प्रमुख ने बताया कि कंपनी ने पहले ही चार्जिंग प्रणाली, बैटरी प्रणाली, मोटर कंट्रोल और वाहन नियंत्रण इलेक्ट्रॉनिक्स, स्मार्ट कनेक्टेड प्रणाली और उन्नत सेंसिंग प्रणाली में निवेश किया है। अगले तीन से चार साल के निवेश योजनाओं के बारे में बात करते हुए, कंपनी के नेतृत्व ने बताया कि हम सात-10 करोड़ डॉलर के निवेश के दृष्टिकोण से चर्चा कर रहे हैं। इसका मुख्य उद्देश्य उत्पाद पोर्टफोलियो विस्तार, भौगोलिक विस्तार और वृद्धि को बढ़ाना है।

## डीपीआईआईटी ने उद्योगों से मांगे अप्रैल, 2022 से मासिक उत्पादन के आंकड़े

**नई दिल्ली ।**

उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने अप्रैल, 2022 से आरंभ होने वाली नई औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) की श्रृंखला के लिए विनिर्माण इकाइयों से अपने मासिक उत्पादन के आंकड़े देने के लिए कहा है। इसके साथ ही विभाग ने हितधारकों की जरूरतों के अनुरूप देश में औद्योगिक विकास के लिए नीतियां और रणनीतियां तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की है। विभाग द्वारा प्रस्तावित नयी पहल के अंदर, औद्योगिक वृद्धि की निगरानी के लिए विनिर्माण इकाइयों से औद्योगिक उत्पादन पर प्राथमिक जानकारी उपलब्ध कराने हेतु सहयोग का निवेदन किया गया है। विभाग ने एक पत्र में कहा है कि इस कदम के माध्यम से औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े सामग्री उत्पादन पारित करते समय एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। डीपीआईआईटी द्वारा निर्धारित नए आंकड़े नवीनतम माह तक प्रस्तुत किये जाने के लिए एक अपील भी की गई है। सरकारी पोर्टल में डाईरैक्ट डाटा डालने से पहले, इकाईयों की जिम्मेदारी होगी कि वे अप्रैल, 2022 से उनके मासिक उत्पादन के साथ उद्योगिक उत्पादन सूचकांक के नए आंकड़े दें। साथ ही, आंकड़ों का उपयोग आलेखिक वृद्धि की निगरानी अबाद होने के लिए ही किया जाएगा, और किसी भी अन्य उद्देश्य हेतु उनका इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। पिछले महीने जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर, 2024 में भारत की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर तीन महीने के निचले स्तर पर आ गई है।

# महंगाई के आंकड़ों से तय होगी शेयर बाजार की चाल

**- कच्चे तेल की कीमत और रुपए की चाल भी घरेलू शेयर बाजार को प्रभावित करेगी**

**मुंबई ।**

अमेरिकी टैरिफ में राहत दिये जाने के संकेत के बीच चीन की जवाब कार्रवाई में प्रोत्साहिन पैकेज और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बैंकिंग तंत्र में तरलता बढ़ाने की घोषणा से स्थानीय स्तर पर हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह डेढ़ प्रतिशत से अधिक उछले घरेलू शेयर बाजार की चाल इस सप्ताह वैश्विक रुख और फरवरी के महंगाई आंकड़ों से तय होगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1134.48 अंक अर्थात 1.55 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 74332.58 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 427.8 अंक यानी 1.93 प्रतिशत की मजबूती के साथ 22552.50 अंक पर रहा। बाजार के विश्लेषकों ने कहा कि भारतीय शेयर बाजार के लिए यह हफ्ता काफी अहम होने वाला है। खुदरा महंगाई, डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति, डॉलर के प्रति रुपये की चाल, एफआईआई, घरेलू और वैश्विक आर्थिक आंकड़ों से शेयर बाजार की दिशा तय होगी। इस सप्ताह कच्चे तेल की कीमत और डॉलर के मुकाबले रुपए की चाल भी घरेलू शेयर बाजार को प्रभावित करेगी।

बाजार के जानकारों ने कहा कि घरेलू बाजार ओवरसोल्ड स्तर से ऊपर आ गया है। अगर टैरिफ को लेकर अनिश्चितता कम होती है




और इसके साथ ही कॉरपोरेट आय में सुधार होता है तो एक बड़ी रिकवरी देखने को मिल सकती है। शेयर बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बिकवाली जारी रखी है।

इस दौरान एफआईआई की ओर से बाजार से 15,501 करोड़ रुपये की निकासी की गई है। वहीं, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 20,950 करोड़ रुपये का निवेश किया है। उनका कहना है कि निफ्टी इस हफ्ते अपने 100 हफ्तों के ईएमए 22,051 से रिकवर करके बंद हुआ है। निफ्टी के लिए 22,700 एक मजबूत रुकावट का स्तर होगा।

अगर निफ्टी इस स्तर को तोड़ देता है तो 23,100 का लेवल देखने को मिल सकता है। गिरावट पर इसका सपोर्ट 22,300 और 22,000 पर है।

## भारत के साथ व्यापार संबंध और मजबूत करना चाहते हैं इटली के कृषि मंत्री

**नई दिल्ली ।** इटली के कृषि मंत्री फ्रांसेस्को लोलोब्रिगिडा ने भारत में आयोजित व्यापार संवर्द्धन प्रदर्शनी विनइटली के मंच से भारत-इटली संबंधों को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों की जरूरत का जिक्र करते हुए कहा कि पारस्परिक व्यापार संबंधों को और भी मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने यहाँ विनइटली के महत्व को हावी मंच बताते हुए कहा कि इसके माध्यम से वाइन और कंपनियों का प्रतिनिधित्व होता है। उन्होंने वीडियो संदेश में दोनों देशों के मजबूत संबंधों का जिक्र करते हुए पारस्परिक निर्यात के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि दोस्ताना संबंधों को मजबूत करने के साथ-साथ पारस्परिक व्यापार संबंधों को भी विकसित करने का प्रयास किया जाना चाहिए।

# चीन में पहली बार महंगाई दर 13 महीनों में शून्य से नीचे, अर्थव्यवस्था में मंदी

**नई दिल्ली।**

चीन की महंगाई दर (सीपीआई) 13 महीनों में पहली बार शून्य से नीचे चली गई। इससे पता चलता है कि चीन की अर्थव्यवस्था में मंदी जारी है और डिफ्लेशन यानी अपस्फीति का दबाव बना हुआ है। रविवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक फरवरी में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक सालाना आधार पर 0.7 फीसदी घटा, जबकि जनवरी में यह 0.5 फीसदी की वृद्धि पर था। ब्लूमबर्ग के अर्थशास्त्रियों ने अनुमान लगाया था कि सीपीआई में 0.4 फीसदी की गिरावट आएगी, लेकिन वास्तविक गिरावट अधिक रही है। कंज्यूमर इन्फलेशन का शून्य से नीचे जाना किसी भी देश के लिए शुभ संकेत नहीं है। अपस्फीति अर्थव्यवस्था पर महत्वपूर्ण नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। इससे उपभोक्ता खर्च में कमी, ऋण बोझ में वृद्धि और उच्च बेरोजगारी जैसी समस्याएं खड़ी हो जाती हैं। चीन ने 2025 के लिए महंगाई लक्ष्य 2 फीसदी तय किया है, जो पिछले 3 फीसदी लक्ष्य से कम है। यह दर्शाता है कि दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था डिफ्लेशन के दबाव से जूझ रही है। पिछले दो सालों से उपभोक्ता महंगाई दर सिर्फ 0.2 फीसदी बनी हुई है, जो अर्थव्यवस्था में मांग की भारी कमी को दिखाता है।

चीन में फैक्ट्री स्तर पर महंगाई भी लगातार 29वें महीने गिरावट में रही। हालांकि, प्रोड्यूसर प्राइस इंडेक्स (पीपीआई) की गिरावट जनवरी के -2.3 फीसदी से घटकर फरवरी में -2.2 फीसदी पर आ गई, जो दर्शाता है कि गिरावट की गति थोड़ी धीमी है।

विशेषज्ञों का मानना है कि गिरावट की बड़ी वजह पिछले साल का उच्च आधार प्रभाव हो सकता है। 2024 में लूनर न्यू ईयर फरवरी में था, जिससे उस समय खर्च और कीमतों में उछाल आया जबकि इस साल यह 28 जनवरी से 4 फरवरी के बीच आया, जिससे फरवरी के महंगाई आंकड़ों में गिरावट देखी गई। विश्लेषकों के मुताबिक चीन की महंगाई दर को लेकर मार्च में अधिक स्पष्टता मिलेगी क्योंकि निवेशक यह देखना चाहेंगे कि सरकार के प्रोत्साहन उपाय घरेलू मांग को कितना बढ़ा रहे हैं। कमजोर उपभोक्ता खर्च और रियल एस्टेट संकट की वजह से चीन 1960 के दशक के बाद सबसे लंबे समय तक कीमतों में गिरावट के दौर से गुजर रहा है।

## इस महीने होली और अन्य त्योहारों की वजह से बंद रहेंगे बैंक

**नई दिल्ली ।**

इस हफ्ते होली और अन्य त्योहारों के चलते देश के कई राज्यों में बैंक बंद रहेंगे। हालांकि, डिजिटल बैंकिंग सेवाएं जैसे यूपीआई, नेट बैंकिंग और एटीएम सेवाएं चालू रहेंगी, जिससे ग्राहक बिना रुकावट के लेनदेन कर सकेंगे। 13 मार्च गुरुवार को होलिका दहन और अट्टुकल पोंगाला की वजह से उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, झारखंड और केरल में बैंक बंद रहेंगे, 14 मार्च शुक्रवार होली (धुलेटी/धुलेंडी/डोल जात्रा) के कारण ज्यादातर राज्यों में बैंक बंद रहेंगे। 15 मार्च शनिवार कुछ राज्यों में इस दिन होली मनाई जाएगी, इसलिए अगरतला, भुवनेश्वर, इंफाल और पटना में बैंक बंद रहेंगे। 16 मार्च रविवार साप्ताहिक छुट्टी होने के कारण पूरे देश में बैंक बंद रहेंगे। 22 मार्च चौथा शनिवार और 23 मार्च रविवार वीकली हॉलिडे और बिहार दिवस, 27 मार्च गुरुवार शब–ए–कद्र (जम्मू में बैंक बंद) और 28 मार्च शुक्रवार को जुमात–उल–विदा (जम्मू–कश्मीर में) के अवसर पर बैंक बंद रहेंगे। वहीं 30 मार्च रविवार साप्ताहिक छुट्टी, 31 मार्च सोमवार रमजान–ईद (ईद–उल–फितर), अधिकतर राज्यों में बैंक बंद रहेंगे।

## भुवनेश्वर के लिए नई उड़ान हिंडन सिविल टर्मिनल से शुरू होगी



**नई दिल्ली ।** गाजियाबाद के हिंडन सिविल टर्मिनल से फ्लाइट की लंबी रेंज के बाद अब भुवनेश्वर के लिए भी नई उड़ान शुरू होने वाली है। भुवनेश्वर के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने इसकी घोषणा की है। 30 मार्च को इस रूट पर पहली फ्लाइट का आयोजन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह उड़ान भुवनेश्वर के लिए नये पर्यटन, व्यापार और कनेक्टिविटी के द्वार खोलेगी। हिंडन सिविल टर्मिनल के अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि इस नए रूट की तैयारी शेड्यूल पर है और इसकी आधिकारिक घोषणा जल्द ही हो सकती है। यह उड़ान सुबह 9:20 बजे हिंडन से प्रस्थान करके 11:45 बजे भुवनेश्वर पहुंचेगी। इस रूट पर 180-सीटर विमान की सेवा उपलब्ध रहेगी। इस उत्कृष्ट सेवा का शुरूआती स्तर चेन्नई और जम्मू के लिए भी 22 और 23 मार्च को उड़ान भरेगी। हिंडन सिविल टर्मिनल से कई और लोकल और दूरस्थ शहरों के लिए उड़ानें चल चुकी हैं और इसका प्रयास भारत में हवाई संयोजन को अनुकूल बनाने का है।

# डब्लयूपीएल में आज मुंबई इंडियन्स का मुकाबला गुजरात जाइंट्स से होगा

**मुंबई (एजेंसी)।** महिला प्रीमियर लीग (डब्लयूपीएल) में सोमवार को मुंबई इंडियन्स का सामना गुजरात जाइंट्स से होगा। इसमें जीत हासिल कर मुम्बई की टीम डब्लयूपीएल अंक तालिका में नंबर एक स्थान हासिल करना चाहेगी। वहीं पिछले साल की विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू इस बार प्लेफॉफ की दौड़ से बाहर हो गयी है। इससे दिल्ली कैपिटल्स, मुंबई इंडियन्स और गुजरात जाइंट्स का प्ले ऑफ में पहुंचना तय है पर अंक तालिका में कौन सी टीम कहां रहेगी ये अभी पता नहीं चला है। कप्तान हरमनप्रीत कौर की मुंबई इंडियन्स को गुजरात के खिलाफ मुकाबले में घरेलू मैदान का लाभ मिलेगा। वह इस मैच को जीतकर टीम अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल का प्रयास करेगी। लीग चरण के अंत में अंक तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम को सीधे फाइनल में प्रवेश मिलेगा। मुम्बई का लक्ष्य दिल्ली कैपिटल्स से आगे निकलना होगा। कैपिटल्स की टीम अभी 10 अंक और 0.396 के नेट रन रेट के साथ पहले स्थान पर बनी हुई है।

तालिका में शीर्ष पर आने से मुंबई इंडियन्स की टीम को एलिमिनेटर मैच नहीं खेलना पड़ेगा। मुंबई की टीम अभी आठ अंक और 0.267 के नेट रन रेट के साथ तीसरे स्थान पर है। टीम अगर सोमवार को गुजरात जाइंट्स और मंगलवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ अपने अंतिम दोनों मैच जीत लेती है तो 12 अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच जाएगी।

वहीं गुजरात के अभी आठ अंक हैं और उसका रन रेट 0.334 है इससे वह दूसरे स्थान पर हैं। गुजरा की टीम मुंबई इंडियन्स को हराने पर 10 अंक हासिल कर सकती है जिससे उसके अंक टीम दिल्ली कैपिटल्स के बराबर हो जाएंगे। ऐसी हालत में नेट रन रेट से तय होग कि अंक तालिका में किसी टीम का कौनसा स्थान मिलता है। वहीं दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम गुरुवार को एलिमिनेटर में उतरेगी जबकि फाइनल शनिवार को खेला जाएगा। मुंबई के लिए मुकाबला आसान नहीं होगा क्योंकि



जाइंट्स ने लगातार तीन बड़ी जीत दर्ज करके अंतिम तीन में जगह बनाई है। गुजरात के बल्लेबाज और गेंदबाज अभी लय में हैं। प्लेऑफ में पहली बार जगह बनाने से भी जाइंट्स की टीम उत्साहित है। उसने अपने शुरुआती चार मैच में से तीन हारने के बाद जोरदार वापसी की। दूसरी ओर मुंबई ने अब तक छह मैच में से चार जीते हैं जबकि दो में वह हारी है।

## दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**मुंबई इंडियंस** = हरमनप्रीत कौर (कप्तान), अक्षिता माहेश्वरी, अमनदीप कौर, अमनजोत कौर, अमेलिया केर, क्लो ट्रायोन, हेली मैथ्यूज, जिंतिमनी कलिता, कीर्तना बालाकृष्णन, नेदिन डि क्लर्क, नैट स्काइवर-ब्रंट, सजीवन सजना, संस्कृति गुप्ता, जी कमालिनी, यस्तिका भाटिया, पारुणिका सिसोदिया, सेइका इशाक और शब्निम इस्माइल।

**गुजरात जाइंट्स** = एशले गार्डनर (कप्तान), लॉरा वोलवार्ट, भारती फुलमाली, फोबे लिचफील्ड, सिमरन शेख, डेनिएल गिब्सन, डी हेमलता, डिएंड्रा डोटिन, हरलीन देओल, सयाली सतघरे, तनुजा कंवर, बेथ मूनी, केशवी गौतम, मन्नत कश्यप, मेघना सिंह, प्रकाशिका नाइक, प्रिया मिश्रा और शबनम शकील।

# चैंपियंस ट्रॉफी : रचिन रविंद्र टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने




**दुबई (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज रचिन रविंद्र रविवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत के खिलाफ खेले गए आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। रचिन ने खिताबी मुकाबले से पहले तीन मैचों में 226 रन बनाए थे, लेकिन उन्हें इंग्लैंड के बेन डकेट को शीर्ष स्थान से हटाने के लिए सिर्फ एक रन की जरूरत थी। इंग्लिश बल्लेबाज ने तीन मैचों में 227 रन बनाए जिसमें 165 रन का सर्वोच्च स्कोर भी शामिल है। दुर्भाग्य से इंग्लैंड के जल्दी बाहर होने के कारण वह टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी नहीं रख सके। दूसरी ओर रचिन ने फाइनल में 29 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से 37 रन बनाए, लेकिन 11वें ओवर में कुलदीप यादव ने उन्हें आउट कर दिया। उन्होंने अपना अभियान 263 रनों के साथ समाप्त किया, जो भारत के विराट कोहली से 42 रन आगे है।

बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज और विल यंग ने ब्लैककैप्स के कप्तान मिशेल सेंटनर द्वारा टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने के बाद टीम को स्थिर शुरुआत दी। रचिन और यंग के बीच 57 रन की ओपनिंग साझेदारी टूर्नामेंट में पावरप्ले में भारत के खिलाफ सबसे बड़ी साझेदारी थी। रचिन ने टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत की और अपने पहले चैंपियंस ट्रॉफी मैच में बांग्लादेश के खिलाफ शतक बनाया। प्री-टूर्नामेंट त्रिकोणीय श्रृंखला के दौरान सिर में चोट लगने के कारण वे पाकिस्तान के खिलाफ न्यूजीलैंड के शुरुआती मुकाबले में नहीं खेल पाए थे। भारत के खिलाफ ग्रुप स्टेज के मुकाबले में बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने लाहौर में सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टूर्नामेंट का अपना दूसरा शतक बनाने से पहले छह रन बनाए। केन विलियमसन की 102 रनों की पारी के साथ 13 चौकों और एक छक्के की मदद से उनकी 108 रन की पारी ने न्यूजीलैंड को 50 ओवरों में 362/6 का विशाल स्कोर बनाने में मदद की। जवाब में न्यूजीलैंड ने प्रोटियाज को 312/9 पर रोक दिया और भारत के खिलाफ अंतिम मुकाबला तय किया। 217 रन के साथ कोहली टूर्नामेंट में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में चौथे स्थान पर हैं। उनके पास भारत की पारी में रचिन के रिकॉर्ड को पार करने का मौका है। श्रेयस अय्यर (195 रन) और शुभमन गिल (157 रन) क्रमशः आठवें और 11वें स्थान पर मौजूद अन्य भारतीय हैं।

# एकदिवसीय क्रिकेट प्रारुप का अभिष्य नहीं : मोईन अली

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर मोईन अली ने कहा है कि एकदिवसीय क्रिकेट प्रारुप भविष्य नहीं है। मोइन ने कहा कि इसका कारण बल्लेबाजों के पक्ष में नियमों का होना है। जिससे गेंदबाजों के लिए इस प्रारुप में कुछ नहीं बचा है। साथ ही कहा कि इसी कारण आजकल टी20 लीग में खेलने वाले खिलाड़ियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। पिछले साल संन्यास लेने वाले मोईन ने इंग्लैंड की ओर से 138 एकदिवसीय मैचों में 2,355 रन बनाने के अलावा 111 विकेट भी लिए हैं। वहीं 68 टेस्ट मैच में उन्होंने 3000 से अधिक रन बनाए हैं और 200 से अधिक विकेट लिए हैं। वह आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से खेलेंगे। मोईन ने कहा, ''विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी को छोड़कर एकदिवसीय प्रारूप लगभग पूरी तरह समाप्त हो गया है। यह खेलने के लिए सबसे खराब प्रारूप है और मुझे लगता है कि इसके कई कारण हैं।'' पहले के समय में पहले पावरप्ले के बाद सर्कल के बाहर पांच क्षेत्ररक्षक हुआ करते थे पर पिछले कुछ साल में यह संख्या चार हो गई है जिससे बीच के ओवरों में बल्लेबाजी करना आसान हो गया है। इतना ही नहीं दो नई गेंदों का



इस्तेमाल किया जाता है जो पहले नहीं होता था जिससे बल्लेबाजों के लिए रन बनाना अब बहुत आसान हो गया है। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि नियम बहुत खराब हैं। पहले पावरप्ले के बाद अतिरिक्त क्षेत्ररक्षक रखना, मुझे लगता है कि विकेट लेने और किसी भी तरह का दबाव बनाने के लिए यह एक खराब नियम है। इसी वजह से अब खिलाड़ी एकदिवसीय क्रिकेट में 60 और 70 का औसत बना रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''जब आप किसी को गेंदबाजी कर रहे होते हैं और आप थोड़ा दबाव डालते हैं तो बल्लेबाज बस रिवर्स-स्वीप करता है और यह एक रन नहीं बल्कि यह चौका होता है। हमेशा बल्लेबाजों के लिए रन बनाने का विकल्प उपलब्ध रहता है।'' मोईन ने कहा कि जिस प्रकार से फ्रेंचाइजी क्रिकेट मोटी रकम देकर लुभा रहा है उससे अधिक से अधिक खिलाड़ी अब संन्यास लेकर इस प्रारुप में खेलते दिखेंगे।

# गंभीर को लेकर क्या बोले शाहरुख

**मुम्बई (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) टीम के मालिक शाहरुख खान ने कहा है टीम इंडिया के मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ उनकी गहरी दोस्ती है। इसलिए उन्हें कभी नहीं लगा कि वह टीम छोड़कर चले गये हैं। गंभीर साल 2017 में टीम छोड़कर चले गये थे पर इसके बाद उन्होंने कोच के तौर पर वापसी करते हुए 2024 में केकेआर को जीत दिलायी। तब श्रेयस अय्यर की कप्तानी में टीम ने फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद को हराया था। शाहरुख ने कहा, ÷मैंने इस बीच कभी नहीं सोचा था कि गंभीर हमें छोड़कर चले गए हैं। गंभीर के साथ वर्षों से हमेशा एक प्यारा रिश्ता रहा है। कुछ खिलाड़ी ऐसे हैं जिनके साथ दोस्ती मजबूत बनी हुई है और गौतम गंभीर उनमें से एक हैं। उनके लिए यह एक बड़ी घर वापसी थी।

गंभीर को साल 2024 के अंत में भारतीय टीम का मुख्य कोच बनाया गया और वह एक बार फिर केकेआर से अलग हो गये। वहीं केकेआर के पूर्व बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने कहा कि साल 2017 में गंभीर के फ्रेंचाइज से जाने से टीम के प्रदर्शन पर भी पड़ा। उसी दिशा पर भी प्रभाव पड़ा। आप हमेशा केकेआर से उच्च स्तर पर प्रदर्शन की उम्मीद करते हैं, और जब प्रदर्शन टीम के आभा से मेल





नहीं खाता, तो यह स्पष्ट हो गया कि कुछ बदलना होगा।

उथप्पा ने कहा, जैसे ही मैंने सुना कि गंभीर वापस आ रहे हैं, मुझे याद है कि मैंने ट्वीट किया था कि ये सबसे अच्छी बात यह है। वहीं पूर्व भारतीय बल्लेबाज अजय जडेजा ने कहा, ÷केकेआर और सौरव गांगुली के बीच संबंध, चाहे प्रशंसकों के साथ हों या टीम के भीतर, अच्छे परिणाम नहीं दे रहे थे। इसलिए, 2011 में, एक बड़े बदलाव की योजना बनाई गई। 2011 से पहले, केकेआर को सौरव गांगुली की टीम के रूप में देखा जाता था पर उसके बाद ये गंभीर के नेतृत्व में शाहरुख की टीम बन गई।÷ आईपीएल 2025 सत्र की शुरुआत से पहले, केकेआर ने अनुभवी भारतीय बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे को अपना नया कप्तान और ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर को उप कप्तान नियुक्त किया है। केकेआर ने जब रहाणे को टीम में शामिल किया तो यह लगभग तय था कि वह टीम की कप्तानी करेंगे, हालांकि मेगा नीलामी में 23.75 करोड़ रुपये में सबसे महंगे खरीदे गए वेंकटश अय्यर और रिंकू सिंह के नाम चर्चा में थे। रहाणे की कप्तानी में हाल ही में मुम्बई ने मुश्ताक अली ट्रॉफी जीती थी।

## आईसीसी ने महिला क्रिकेट को आगे बढ़ाने यूनिलीवर से किया करार

दुबई ।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने महिला क्रिकेट के विकास और उसे आगे बढ़ाने के लिए 'रेक्सोना' और 'डव' सहित यूनिलीवर के ब्रांड के साथ दो साल का एक अनुबंध किया है। ये साल 2027 के अंत तक महिला क्रिकेट के लिए आईसीसी का पहला व्यावसायिक करार होगा। दुबई में एक एक कार्यक्रम के जरिए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मौके पर हुई इस साझेदारी से महिला क्रिकेटरों को ही लाभ होगा।आईसीसी का मानना है कि ये भागीदारी खेल को और आगे ले जाएगी क्योंकि दोनो ही खेल को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करेंगे।

# भारतीय मूल की पूजा से शादी करने जा रहा पाक क्रिकेटर

लाहौर ।पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर रजा हसन अमेरिका में रहने वाली भारतीय मूल की पूजा बोमन से शादी कर रहे हैं। रजा हसन ने सोशल मीडिया में कहा कि उनकी सगाई हो गयी है। रजा ने कहा कि मैंने अपने जीवन के प्यार से हमेशा के लिए मेरा होने के लिए कहा, और उसने हां कह दिया। आगे की हमारी यात्रा के लिए उत्साहित हूं।32 वर्षीय क्रिकेटर ने यह भी दावा किया कि पूजा जल्द ही इस्लाम धर्म अपनाएगी। गौरतलब है कि रजा ने साल 2012 और 2014 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पाकिस्तान के लिए अपना टी20 और एकदिवसीय डेब्यू किया था। रजा ने पा कके लिए एक एकदिवसीय और 10 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेले हैं। उन्होंने एकदिवसीय में एक विकेट जबकि टी20 में 10 विकेट लिए हैं। वह पाकिस्तान टीम में जगह नहीं बना पाए लेकिन वह विभिन्न लीग में जरूर हिस्सा ले रहे हैं। रजा से पहले भी कई पाक क्रिकेटरों ने भारतीय लड़कियों से शादी की है। पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर मोहसिन खान ने अस्सी के दशक में भारतीय अभिनेत्री रीना रॉय से शादी की थी, हालांकि उनकी शादी 1990 में तलाक पर समाप्त हो गई। वहीं पाक क्रिकेटर शोएब मलिक ने साल 2010 में भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा से शादी की थी पर ये शादी भी सफल नहीं रही और दोनो ने साल 2024 में तलाक ले लिया था। वहीं साल 2019 में पाकिस्तानी गेंदबाज हसन अली ने भारत की सामिया आरजू से शादी की थी।

# विलियमसन का विकेट गिरते ही विराट इतने खुश कि कुलदीप को चूमने तक गए



खेल डैस्क - दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल का पहला भाग भारतीय टीम के लिए बेहद खुशियां लेकर आया। कुलदीप यादव ने भारत को उस वक्त दो विकेट दिलाए जब न्यूजीलैंड मजबूत शुरूआत कर चुका था। अपने पहले ओवर में रचिन रवींद्र को आउट करने के बाद, कुलदीप ने अपने अगले ओवर में न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन का महत्वपूर्ण विकेट लिया। यह देखकर भारतीय स्टार विराट कोहली ने भी ऐसी प्रतिक्रिया दी जोकि सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। दरअसल, हुआ यूं कि न्यूजीलैंड की पारी का 13वां ओवर चल रहा था। कुलदीप की गेंद सतह पर अटककर आई। विलियमसन गेंद को मिड-ऑन की ओर धकेलने की कोशिश कर रहे थे लेकिन तेज शॉट लगाने में चूक गए। गेंद बल्ले का किनारा लेकर सीधे निकल गई। कुलदीप ने आसान कैच लपका और विलियमसन को 11 रन पर पवेलियन लौटा दिया। विलियमसन की बड़ी विकेट गिरते ही विराट बेहद खुश नजर आए। वह कुलदीप की तरफ ऐसे लपके जैसे उन्हें गालों में चूम ही लेना हो।

# 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतना चाहते हैं प्रवीण

**विजयनगर (एजेंसी)।** एथलीट प्रवीण चित्रावेल का लक्ष्य अगले साल स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में होने वाले 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतना है। प्रवीण बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 की त्रिकूद स्पर्धा में कांस्य से सिर्फ तीन सेंटीमीटर पीछे रहे थे। वह 16.89 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ इन खेलों में चौथे स्थान पर रहा था जबकि बरमूडा के जाह-एनहाई पेरिनचीफ ने 16.92 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता था। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता प्रवीण का लक्ष्य इस साल 17.37 मीटर के अपने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करने का है जिससे वह ग्लास्गो 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में पोडियम में शीर्ष स्थान हासिल कर सकें।

प्रवीण ने कहा, 'मैं अब भी और अधिक उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रयास कर रहा हूं, जैसे ओलंपिक, विश्व कप, विश्व चैंपियनशिप, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल



आदि। मैं एशियाई खेलों का पदक विजेता हूं, मैंने राष्ट्रमंडल खेलों में दो सेंटीमीटर (तीन सेंटीमीटर) से पदक खो दिया था। मैंने एशियाई इंडोर चैंपियनशिप का पदक, और युवा ओलंपिक का पदक जीता है।

इस एथलीट ने कहा, 'मुझे भरोसा है कि मैं एशियाई खेल आइची-नागोया 2026 में पदक जीतूंगा पर मैं राष्ट्रमंडल खेलों 2026 में स्वर्ण पदक जीतना चाहता हूं, निश्चित रूप से राष्ट्रमंडल खेलों की वजह से मैं अब भी ठीक से सो नहीं सकता। राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में 23 जुलाई से दो अगस्त 2026 तक किया जाएगा जबकि आइची-नागोया 2026 एशियाई खेल जापान में 17 सितंबर से चार अक्टूबर क होंगे। के प्रवीण ने कहा कि इस वह 2025 में अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'मेरा निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 17.37 मीटर है, यह एक राष्ट्रीय रिकॉर्ड है इसलिए मैं फिर से राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ना चाहता हूं। मैंने 2023 में ऐसा किया था और 2025 में फिर से राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ना चाहता हूं। प्रवीण ने कहा, 'मैं इस साल विश्व इंडोर चैंपियनशिप, एशियाई चैंपियनशिप, विश्व ओपन चैंपियनशिप और फिर डाइमंड लीग पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। प्रवीण ने 2023 में क्यूबा के हवाना में प्रुएबा डि कनफ्रोनटेसिन एथलेटिक्स मीट में 17.37 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीतते हुए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था।

# जयपुर में पांच आईपीएल मैचों के लिए तैयारियां जोरों पर

**जयपुर (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 के मुकाबले 22 मार्च से शुरु होने जा रहे हैं। इस बार जयपुर में भी पांच मुकाबले खेले जाएंगे। इन मैचों के लिए सवाई मानसिंह स्टेडियम में भी तैयारियां जोरों से चल रही हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में आईपीएल के लिए कार्यक्रम जारी किया था। इस कार्यक्रम के तहत ही 65 दिन में 74 मैच खेले जाएंगे। आईपीएल को लेकर इस बार बीसीसीआई ने नए नियम भी जारी किये हैं। इनके अनुसार अब खिलाड़ियों के परिवार के सदस्य और दोस्त ड्रेसिंग रूम में नहीं जा सकेंगे। ये नियम अभ्यास के दौरान भी लागू रहेगा। इसके साथ ही टूर्नामेंट में खिलाड़ियों को टीम बस से ही यात्रा करनी होगी।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक बीसीसीआई ने सभी फ्रेंचाइजियों को स्पष्ट रुप से आदेश दिया है कि परिवार के अलावा अभ्यास मैच के दौरान केवल मान्यता प्राप्त स्टाफ ही ड्रेसिंग रूम और खेल के मैदान पर जा सकेंगे, इन बातों के अलावा बीसीसीआई ने मैच के दिन के नियम भी नियम तय किए हैं जिसके अनुसार मैच के दौरान एलईडी बोर्ड्स के सामने बैठने की अनुमति नहीं होगी, खिलाड़ियों को ऑरेंज और पर्पल कैप पहननी होगी।

परिवार और दोस्त अलग वाहन से यात्रा करेंगे और हॉस्पिटैलिटी एरिया से अभ्यास देख सकते हैं, साथ ही मैच से पहले अभ्यास करने के लिए टीमों को 2 नेट्स और मुख्य मैदान पर 1 साइड विकेट मिलेगा, ओपन नेट्स की अनुमति नहीं रहेगी, इसके अलावा और भी अन्य नियम तय किए गए हैं जिनका खिलाड़ियों को पालन करना होगा.

जयपुर में आईपीएल को लेकर खेल परिषद और एडहॉक कमेटी के आईपीएल मैचों के आयोजन को लेकर विवाद चल रहा था जो अब खत्म हुआ हैं। इससे पहले बीसीसीआई ने जयपुर में इस बार खेल परिषद को आईपीएल मैच करवाने की जिम्मेदारी दी है पर ये भी साफ किया है कि अंतिम बार स्पोर्ट्स काउंसिल को यह जिम्मेदारी दी गई है, अगले साल से ऐसा नहीं होगा। साथ ही चेताया है कि अगर क्रिकेट संघ में स्थिति नहीं सुधरती है तो अगले साल जयपुर में आईपीएल मैचों का आयोजन नहीं होगा।

# जूनियर विश्व कप निशानेबाजी की मेजबानी करेगा भारत



नई दिल्ली ।भारत इस साल 24 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जूनियर विश्व कप निशानेबाजी की मेजबानी करेगा। विश्व कप निशानेबाजी में राइफल, पिस्टल और शॉटगन की प्रतियोगितायें ।यह हाल के दिनों में का तीसरा शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) का टूर्नामेंट होगा जो भारत में आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा, ''पिछले महीने रोम में आईएसएसएफ की कार्यकारी समिति की एक सार्थक बैठक हुई थी और सभी सदस्य महासंघों के अलावा आईएसएसएफ अध्यक्ष लुसियानो रॉसी ने भारत की शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने और खेल को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाने में सहायता करने के तरीके की प्रशंसा की थी।''उन्होंने कहा, ''हमें तब इसकी उम्मीद थी पर अब जब मेजबानी मिलने की आधिकारिक पुष्टि हो गई है तो हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित हैं।'' वहीं भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के महासचिव सुल्तान सिंह ने कहा, ''आईएसएसएफ ने अपने पत्र में हमसे दो संभावित समय की पुष्टि करने का अनुरोध किया है जिसमें एक सितंबर-अक्टूबर में और दूसरा अक्टूबर के अंत तथा नवंबर की शुरुआत के दौरान है। हम आंतरिक रूप से बैठक के बाद शीघ्र ही उन्हें इसके बारे में बताएंगे जिससे सदस्य महासंघ इसके अनुसार तैयारी कर सकें।'' इससे पहले भारत ने दो महाद्वीपीय चैंपियनशिप और छह आईएसएसएफ प्रतियोगिताओं की मेजबानी की थी जिसमें दो विश्व कप फाइनल प्रतियोगितायें और चार सीनियर आईएसएसएफ विश्व कप शामिल हैं। साल 2023 में सीनियर विश्व कप भी भारत में हुआ था!

# चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में डेरिल मिचेल ने रचा कीर्तिमान, पोंटिंग और जयवर्धने के क्लब में की एंट्री

**दुबई (एजेंसी)।** भारत के खिलाफ खिताबी मुकाबले में न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर डेरिल मिचेल ने बेहतरीन बल्लेबाजी की। उन्होंने दुबई के मैदान पर मुश्किल हालात में भारत के खिलाफ अर्धशतकीय पारी खेली। मिचेल ने 101 गेंदों में 63 रन बनाए, जिसमें तीन चौके शामिल हैं। ये मिचेल के वनडे करियर का सातवां अर्धशतक है। उन्होंने फिफ्टी जड़कर कीर्तिमान रचा है। 3 वर्षीय खिलाड़ी ने रिकी पोंटिंग के एक स्पेशल क्लब में एंट्री कर ली है। मिचेल आईसीसी वनडे नॉकआउट में भारत के खिलाफ दो बार 50 प्लस पारी खेलने वाले पांचवें क्रिकेटर बन गए हैं।


मिचेल के अलावा ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग, श्रीलंका के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज महेला जयवर्धने, न्यूजीलैंड के धाकड़ क्रिकेटर केन विलियमसन और कंगारू बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने भी भारत के खिलाफ दो-दो बार पचासा ठोका है। मिचेल ने 2023 में वनडे वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में भारत के सामने शतक ठोका था। उन्होंने तब 119 गेंदों में 9 चौकों और 7 छक्कों की मदद से 134 रन बनाए। भारत ने 397/4 का स्कोर खड़ा करने के बाद 70 रनों से सेमीफाइनल मैच जीता था। उस मैच में भारत के लिए विराट कोहली (117) और श्रेयस अय्यर (105) ने सेंचुरी लगाई थी।


वहीं पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी न्यूजीलैंड टीम की शुरुआत सधी हुई थी। विल यंग और रचिन रविंद्र ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच 57 रन की साझेदारी हुई। वरुण चक्रवर्ती ने भारत को पहली सफलता दिलाई। उन्होंने यंग (15) को पवेलियन का रास्ता दिखाया। रचिन रविंद्र 29 गेंद में 37 रन बनाकर आउट हुए। कुलदीप ने उन्हें क्लीन बोल्ड किया। केन विलियमसन 14 गेंद में 11 रन ही बना पाए। टॉम लैथम ने 30 गेंद में 14 रन बनाए। ग्लेन फिलिप्स ने 34 रन की पारी खेली। डेरिल मिचेल ने कीवी टीम के लिए सबसे ज्यादा 63 रन की पारी खेली। उन्हें शमी ने आउट किया। इसके बाद कप्तान मिचेल सैंटनर महज 8 रन बनाकर पवेलियन लौटे। वहीं माइकल ब्रेसवेल शतकीय पारी खेलकर नाबाद लौटे।



# चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में युजी चहल के साथ दिखी मिस्ट्री गर्ल, कहीं ये 'वो' तो नहीं

खेल डैस्क ।दुबई के मैदान पर जब चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के लिए भारत और न्यूजीलैंड की टीमें आमने-सामने थीं तो दर्शक दीर्घा में बैठे युजी चहल भी चर्चा में रहे। चहल जोकि टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं, यह फाइनल मुकाबला देखने के लिए विशेष तौर पर पहुंचे थे। उनके साथ एक मिस्ट्री गर्ल को भी देखा गया। क्योंकि बीते दिनों ही युजी चहल की पत्नी धनश्री के साथ तलाक की खबरें बाहर आई थीं ऐसे में नई गर्ल के साथ दिखने पर चहल बड़ी तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। उक्त लड़की सफेद कलर के टॉप में थी जिसने आंखों पर काला चश्मा लगा रखा था। दोनों एक दूसरे के साथ नर्मी के साथ बात करते दिखे जिसके बाद सोशल मीडिया पर उनकी फोटोज और वीडियोज वायरल हो गई।





## ‘भारत के एडिसन’ जीडी नायडू की बायोपिक की घोषणा, माधवन निभाएंगे मुख्य भूमिका

**निर्देशक कृष्णकुमार रामकुमार ‘भारत के एडिसन’ के नाम से मशहूर वैज्ञानिक जीडी नायडू की बायोपिक बनाएंगे। निर्माताओं ने फिल्म का टाइटल जारी कर दिया है। टाइटल ‘जी.डी.एन’ रखा गया है, जिसमें अभिनेता आर. माधवन मुख्य भूमिका में दिखेंगे।**

वैज्ञानिक पर आधारित बायोपिक का भारत में शेड्यूल मंगलवार से शुरू हो चुका है, जिसमें आर माधवन के साथ अभिनेता प्रियामणि, जयराम और योगी बाबू भी शामिल होंगे। फिल्म में संगीत गोविंद वसंता ने दिया है। अभिनेता माधवन ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के टाइटल की घोषणा करते हुए एक पोस्टर शेयर किया। उन्होंने लिखा, आप सभी के आशीर्वाद और शुभकामनाओं की जरूरत है। जानकारी के अनुसार, फिल्म की पूरी शूटिंग कोयंबटूर में की जाएगी, जो वैज्ञानिक का जन्मस्थान है। खास बातचीत में फिल्म के कार्यकारी निर्माता मुरलीधरन सुब्रमण्यम ने बताया था, फिल्म का लगभग 95 प्रतिशत हिस्सा कोयंबटूर में शूट किया जाएगा और बाकी पांच प्रतिशत विदेश में शूट किया जाएगा। पांच प्रतिशत का एक छोटा हिस्सा, जो विदेश में शूट किया जाना था, वह पिछले साल ही पूरा हो चुका है। बाकी हिस्से की शूटिंग जारी है। मुरलीधरन ने कहा, निर्देशक और उनकी टीम ने वैज्ञानिक के जीवन पर तीन से पांच साल से भी अधिक समय तक रिसर्च किया है। टीम का उद्देश्य था कि जीडी नायडू, विज्ञान और समाज में उनके योगदान का कोई भी हिस्सा ना छूटे।

‘रॉकेट्री– द नंबी इफेक्ट’ को साल 2022 में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए मिले राष्ट्रीय पुरस्कार के बाद वर्गीज मूलन पिक्चर्स और ट्राइकलर फिल्म्स इस प्रोजेक्ट के लिए फिर से साथ आ रहे हैं। ‘रॉकेट्री- द नंबी इफेक्ट’ में नंबी नारायणन की भूमिका निभाने वाले माधवन अब जीडी नायडू की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण वर्गीज मूलन पिक्चर्स के वर्गीज मूलन और विजय मूलन तथा ट्राइकलर फिल्म्स के आर. माधवन और सरिता माधवन करने के लिए तैयार हैं। अरविंद कमलानाथन फिल्म के सिनेमैटोग्राफर और क्रिएटिव प्रोड्यूसर के रूप में काम करेंगे।

# मिसेज के बाद साइंस बेस्ड मूवी करेंगी सान्या





सान्या मल्होत्रा की फिल्म मिसेज हाल ही में सा रिलीज हुई। यह मलयालम फिल्म द ग्रेट इंडियन किचन की रीमेक है। इसे आरती कड़व ने डायरेक्ट किया। फिल्म में सान्या ने एक ऐसी हाउसवाइफ का किरदार निभाया, जो अपने जीवन में बड़ा मुकाम हासिल करना चाहती है लेकिन परिवार उसे सिर्फ किचन तक सीमित रखना चाहता है। यह सोच इरादतन नहीं, बल्कि पितृसत्तात्मक मानसिकता के कारण बनी रहती है। आरती ने इसी सोच को फिल्म में दिखाया है।

### फिल्म को मिली जबरदस्त तारीफ

आरती कहती हैं... फिल्म को उम्मीद से ज्यादा प्यार मिला। मैंने इसे जिम्मेदारी से बनाया था। मुझे लगा था कि लोग इस विषय पर चर्चा करेंगे लेकिन इतनी तारीफ मिलेगी, यह सोचा नहीं था। कई दर्शकों ने अपनी मां और बहनों की जिंदगी से जुड़ी कहानियां साझा कीं, जो फिल्म के किरदार से मेल खाती थीं। यह जानकर दुख भी हुआ कि समाज में अब भी ऐसी दकियानूसी सोच बनी हुई हैं।

### थिएटर में रिलीज का इरादा नहीं था

आरती ने बताया कि फिल्म को थिएटर में लाने का कोई इरादा नहीं था। इसलिए डायरेक्ट ओटीटी पर रिलीज करना सही फैसला रहा। आगे साइंस फिक्शन जॉनर की फिल्म भी लाऊंगी। पहले कार्गो नाम की फिल्म बनाई थी। ऐसी फिल्मों के लिए बड़े बजट की जरूरत होती है। सान्या को दो साइंस फिक्शन कहानियां सुनाई हैं। मुमकिन है कि जल्द ही सान्या की कोई साइंस फिक्शन फिल्म आए।

### नॉर्थ इंडियन दर्शकों के लिए फिल्म में किए गए थे बदलाव

मूल फिल्म मलयाली दर्शकों के लिए बनी थी। हिंदी वर्जन में इसे नॉर्थ इंडियन दर्शकों के हिसाब से बदला गया। साउथ वर्जन में सबरीमाला विवाद को दिखाया गया था, जहां महिलाओं को घर में बंद कर दिया गया था। हिंदी वर्जन में इसे करवा चौथ से जोड़ा गया। मूल फिल्म में घर में मेड नहीं थी लेकिन हिंदी वर्जन में मेड का किरदार जोड़ा गया।

### फिल्में बदलाव ला सकती हैं...

आरती का मानना है कि फिल्मों से बदलाव की शुरुआत होती है। जब किसी मुद्दे पर बातचीत होती है, तो पॉलिसी लेवल पर भी बदलाव का माहौल बनता है। हालांकि यह प्रयास पर्याप्त नहीं होते लेकिन जरूरी होते हैं।

### फेंचाइज बनाने की प्लानिंग नहीं है...

आरती ने कहा कि मिसेज में कामकाजी महिलाओं से जुड़े कई जरूरी मुद्दे हैं। इसे फेंचाइज बनाना प्राथमिकता नहीं है। सान्या इस फिल्म के मुद्दे से इतनी जुड़ गई थीं कि शूटिंग के बाद भी उन्हें इससे बाहर आने में महीना भर लगा था।



## कौशलजीस वर्सेस कौशल के लिए अजय देवगन ने शुभकामनाएं दी

बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन ने हाल ही में सोशल मीडिया पर आगामी फिल्म कौशलजीस वर्सेस कौशल के लिए शुभकामनाएं दी। फिल्म के ट्रेलर को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर करते हुए, सिंघम अभिनेता ने लिखा, पीढ़ियां आपस में टकरा सकती हैं, लेकिन प्यार हमेशा एक रास्ता खोज लेता है। कौशलजीस वर्सेस कौशल में परिवार, प्यार और हंसी के मजेदार दिल को छू लेने वाले सफर के लिए तैयार हो जाइए। इस शुक्रवार 21 फरवरी को केवल जिओ हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग होगी। सोमवार को आगामी पारिवारिक ड्रामा कौशलजीस वर्सेस कौशल के निर्माताओं ने इसका ट्रेलर जारी किया। फिल्म के ट्रेलर में दिल को छू लेने वाली कहानी की झलक मिलती है।

फिल्म को सीमा देसाई और ज्योति देशपांडे द्वारा निर्देशित किया गया है। फिल्म की कहानी 27 साल के युग कौशल की जिंदगी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो कन्नौज में अपने छोटे शहर की जड़ों को पीछे छोड़कर दिल्ली चला जाता है। निर्देशक सीमा देसाई ने एक बयान में कहा, कौशलजीस वर्सेस कौशल की कहानी जो जटिल होते हुए भी खूबसूरत है। यह परिवार के बारे में है। हम अक्सर युवा जोड़ों की प्रेम कहानियां देखते हैं, लेकिन उन लोगों का क्या जो दशकों से साथ हैं? यह फिल्म शादी पर एक हल्की-फुल्की लेकिन मार्मिक नजर डालती है और पूछती है, क्या होगा अगर वर्षों के संघर्ष के बाद भी प्यार खत्म न हो। मुझे भरोसा है कि दर्शक प्यारे किरदारों से जुड़ेंगे, हंसेंगे, रोएंगे और अपने परिवार की झलक स्क्रीन पर देखेंगे। यह दिल से दिलों के लिए बनाई गई एक अच्छी फिल्म है। कौशलजीस वर्सेस कौशल में शीबा चड्ढा, पावेल गुलाटी, ईशा तलवार, बृजेंद्र काला और ग्रुशा कपूर भी हैं। यह फिल्म 21 फरवरी को जिओ हॉटस्टार पर रिलीज होगी।



## शिवाजी महाराज की जीवन यात्रा को पर्दे पर दिखाना मेरे लिए बेहद खास है

आज छत्रपति शिवाजी महाराज की 395वीं जयंती है। इस मौके पर ऋषभ शेट्टी की अपकमिंग फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराज के मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है। इस नए पोस्टर में वीर शिवाजी बने ऋषभ शेट्टी देवी मां की विशाल मूर्ति के सामने खड़े नजर आ रहे हैं।

### ऋषभ शेट्टी ही बनेंगे शिवाजी महाराज

बॉलीवुड से लेकर मराठी सिनेमा तक कई सारे सितारे शिवाजी महाराज के किरदार में नजर आ चुके हैं। अब छत्रपति शिवाजी महाराज पर बन रही आगामी फिल्म द प्राइड ऑफ भारत- छत्रपति शिवाजी महाराज में ऋषभ शेट्टी शिवाजी महाराज का किरदार निभाते नजर आने वाले हैं।

### ऋषभ शेट्टी ने कही ऐसी बात

पोस्टर रिलीज के मौके पर ऋषभ शेट्टी ने कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर हम सभी गर्व महसूस करते हैं। वे केवल एक योद्धा नहीं थे बल्कि स्वराज्य की आत्मा थे। उन्हें हमेशा धैर्य, बुद्धि और भक्ति का प्रतीक माना जाता है। उनकी जीवन यात्रा को पर्दे पर दिखाना वाकई मेरे लिए बेहद खास है। मैं आशा करता हूं कि उनकी विरासत को मैं अच्छे तरीके से पर्दे पर दिखा सकूं। सभी भारतीयों को उनकी अमर वीरता का एहसास दिला सकूं।

### फिल्म में नजर आएंगे ये सितारे

स्वराज्य का सपना देखने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर इस फिल्म की टीम के बारे में भी मेकर्स ने बताया है। फिल्म की कहानी सिद्धार्थ – गरिमा ने लिखी है। फिल्म को संगीत प्रीतम ने दिया है। गानों ने बोल प्रसून जोशी ने लिखे हैं। वहीं, सिनेमेटोग्राफी रवि वर्मन ने की है। गणेश हेगड़े ने कोरियोग्राफी की है। फिल्म के कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा हैं।

### इस दिन रिलीज होगी फिल्म

यह फिल्म 21 जनवरी 2027 में हिंदी समेत छह अन्य भाषाओं में रिलीज होगी। यह फिल्म भारत और विदेशों में भी शिवाजी के स्वराज्य का सपना दिखाने वाली है।



## शबाना आजमी ने बताई डब्बा कार्टेल का हिस्सा बनने की वजह

एक्सेल एंटरटेनमेंट की नई सीरीज ‘डब्बा कार्टेल’ के ट्रेलर लांच इवेंट पर शबाना आजमी की अदाओं ने लोगों का खूब मनोरंजन किया। महबूब स्टूडियो में इस कार्यक्रम का आयोजन शानदार तरीके से हुआ। लोगों में काफी उत्साह रहा लेकिन, आदतन प्रोग्राम अपने समय से ही शुरू हुआ। जनता बेसब्री से ट्रेलर का इंतजार करी दिखी। महबूब स्टूडियो में जब बारी इस ट्रेलर लॉन्च की आई तो मामला बहुत ही रोचक हो गया है। आहिस्ता आहिस्ता किरदारों पर से परदा हटा और जब बारी शबाना आजमी की आई तो फिर तो माहौल बदलना ही थी। इवेंट में मीडिया के साथ सवाल जवाब के समय शबाना आज़मी ये कहा कि इस सीरीज की पूरी कास्टिंग घर का मामला था। शिबानी अख्तर ने क्रिएट किया ये प्रोजेक्ट और मुझे हुक्म दिया, एक्टिंग करने के लिए। बहू को कैसे मना कर सकती थी और बेटा तो प्रोड्यूसर ही है। साथ ही उन्होंने एक कन्फेशन ये भी किया की जब इस सीरीज की कास्टिंग चल रही थी तो वह नहीं चाहती थीं कि अभिनेत्री ज्योतिका को इसमें कास्ट किया जाए। इवेंट के दौरान ही शबाना आजमी ने इसके लिए ज्योतिका से माफी भी मांगी और कहा कि अच्छा हुआ शिबानी ने उनकी नहीं सुनी और दोनों ने साथ काम किया। सीरीज के निर्देशक हितेश भाटिया ने इस मौके पर बताया कि शुरू में तो वह काफी परेशान थे लेकिन जब सारे लोग साथ आ गए तो उनकी घबराहट भरोसे में बदल गई। ज्योतिका के मुताबिक उन्हें ये प्रोजेक्ट इसलिए काफी पसंद आया क्योंकि इसमें महिलाओं की अहम भूमिका है। वह कहती हैं, ‘इस सीरीज में सिर्फ किरदार ही नहीं, बल्कि पूरी टीम में भी महिलाओं की बहुत भागीदारी रही। हमारे क्रू में लगभग 60–70% महिलाएं थीं, जो हर विभाग में शानदार काम कर रही थीं। यह देखकर बहुत गर्व महसूस हुआ। अभिनेता आदर्श रावल के साथ फिल्म ‘बमफाड़’ से हिंदी सिनेमा में अपना करियर शुरू करने वाली साउथ सिनेमा की अभिनेत्री शालिनी पांडे ने भी ज्योतिका की बात का समर्थन किया और कहा कि यह शो महिलाओं के दम पर आगे बढ़ा है। उन्होंने उलाहना दिया कि शानदार अभिनेता गजराज राव के साथ उनका एक भी सीन नहीं है। वहीं, गजराज राव ने कहा, आमतौर पर मैं सिर्फ अपने डायलॉग्स याद करता हूँ, लेकिन इस बार सबसे ज्यादा मेहनत फार्मास्युटिकल्स के नाम याद करने में करनी पड़ी। और, अब तो मुझे इतने नाम याद हो गए हैं कि मेडिकल इंडस्ट्री में भी एंट्री ले सकता हूं! नेटफिलक्स की नई सीरीज ‘डब्बा कार्टेल’ 28 फरवरी को रिलीज होगी।

## सनम तेरी कसम की री-रिलीज की सफलता पर भावुक हुए हर्षवर्धन राणे



हर्षवर्धन राणे अपनी रोमांटिक ड्रामा फिल्म सनम तेरी कसम की सफलता का जश्न मना रहे हैं। यह फिल्म सभी रिकॉर्ड तोड़ रही है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है। आज भी अभिनेता ने एक इमोशनल नोट शेयर किया और सभी प्रशंसकों को उनके प्यार के लिए धन्यवाद दिया। अभिनेता ने पोस्टर साझा कर लिखा- एक प्रेम कहानी जो लंबे समय तक नहीं चलनी थी। हर्षवर्धन ने आगे लिखा- फिर भी हम यहां हैं, 10 दिन बाद, अभी भी हर पल ऐसा महसूस कर रहे हैं जैसे यह पहली बार हो। अभिनेता ने आगे लिखा- किसी ऐसे व्यक्ति को टैग करें जो इसे दोबारा देखने की योजना बना रहा है। सनम तेरी कसम अब तब बॉक्स ऑफिस पर 36.01 करोड़ रुपये की कमाई की।

# 53वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में 53वीं वार्षिक एथलेटिक मीट प्रतियोगिता का विधिवत रूप से समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। इस एथलीट मीट के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता (प्रधान, अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा एवं अध्यक्ष अग्रवाल कॉलेज प्रबंधन समिति) एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री दिनेश गुप्ता (एडवोकेट, अग्रवाल प्रबंधन समिति के महासचिव ) एवं अग्रवाल कॉलेज कार्यवाहक प्राचार्य डॉ० संजीव गुप्ता उपस्थित रहे।



समापन सत्र में मुख्य अतिथि श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही, उन्हें कड़ी मेहनत करते हुए सफलता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि हार-जीत जीवन का हिस्सा है। खिलाड़ी को हमेशा अच्छे संस्कारों के साथ अच्छी भावना के साथ खेलना चाहिये। खिलाड़ियों को चाहिए कि वह अपनी कमियों को ध्यानपूर्वक देखें और भविष्य में उन्हें सुधारने का प्रयास करें। खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन छात्र एवं छात्रा वर्ग के रूप में अलग अलग चरणों में सम्पन्न करवाया गया।

इस में कुल 25 प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। छात्र वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर, 500 मीटर, 800 मीटर तथा 1500 मीटर, 5 किलोमीटर तथा 10 किलोमीटर की रेस के साथ, शॉट पुट, हाई जंप, हैमर (हथौड़ा) थ्रो, जेवलिन थ्रो, लंबी कूद तथा छात्रा वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर तथा 3 किलोमीटर की रेस के साथ हाई जंप, हैमर (हथौड़ा) थ्रो,जैवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, तथा ऊंची कूद का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशसति पत्र देकर सम्मानित किया।

शारीरिक शिक्षक डॉ० जगबीर सिंह, श्री नंदकिशोर, श्री मोहित हुड्डा एवं श्री पवन दलाल के कुशल निर्देशन में सभी खेलकूद प्रतियोगिताएं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। छात्रा वर्ग में सर्वश्रेष्ठ एथलीट उमा (बी.ए प्रथम वर्ष) रहीं और छात्र वर्ग में सर्वश्रेष्ठ एथलीट अभय (बी.ए प्रथम वर्ष) रहे।

# महावीर इंटरनेशनल सोशल फाउंडेशन ने मनाया 51वां अंतराष्ट्रीय महिला दिवस

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** महिलाओं को अपने अधिकार व कर्तव्य, जेंडर समानता एवं उनके जीवन उत्थान के लिए महावीर इंटरनेशनल सोशल फाउंडेशन और यूथ फॉर फाउंडेशन ने मिलकर केसी रोड स्थित वेदांता अस्पताल में 51वा दिवस मनाया। कार्यक्रम प्रारंभ करने से पूर्व जीवन विज्ञान पर आधारित संकलित प्रार्थना सी ए अजीत पटवा जैन द्वारा गायन की गई।




इस अवसर पर महिलाओं को मासिक धर्म, स्वस्छता व अन्य महिला रोग निवारण संबंधित जानकारी स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ विधि वान्या द्वारा दी गई। इसके साथ प्रसूति से पहले एवं बाद में किस तरह दैनिक क्रिया करनी चाहिए, खान पान में क्या ध्यान रखना चाहिए, शिशु को दुग्ध पान करवाना, स्वच्छता रखना आदि पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अलावा महिलाओं को विशेषकर गर्भवती महिलाओं को अपनी हड्डी के रख रखाव पर ऑर्थोपेडिशन डॉ अनुज ढींगरा ने बहुत अच्छी तरह समझाया। इसके साथ डॉक्टर रूपाली ने भी साधारण रोग के संबंध में और दंत विशेषज्ञ डॉ सूची धींगरा ने भी दांत की बीमारी से भी गर्भवती महिलाओं को कैसे ध्यान रखना चाहिए उसकी विस्तृत जानकारी दी।

इसके साथ महिलाओं को मुफ्त सलाह भी दी गई, उपस्थित महिलाएं काफी संतोष प्रद महसूस कर रही थीं। वेदांता अस्पताल में सब बीमारियों का ईलाज बहुत रियायती दरों पर होता है । महिला दिवस के दिन से एक महीने तक वेदांता अस्पताल में ओपीडी मुफ्त की जाएगी ।

इस दिवस की महत्वता पर प्रकाश डालते हुए एम.आई.एस.एफ के संरक्षक सी ए अजीत पटवा जैन ने बताया विश्व के कई पश्चिम देशों में पुरुष के सामान महिलाओं को समान अधिकार प्राप्त नहीं थे । इस कुरीति को दूर करने जर्मनी की सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी की एक अधिकारी क्लारा जेटकिन ने अंतर्राष्ट्रीय दिवस घोषणा करने का प्रस्ताव पारित करवाया जिसे वर्ष 1975 में यूनाइटेड नेशन ने मान्यता प्रदान की, तब से आज तक प्रति वर्ष 8 मार्च को पूरे विश्व में महिला अवेयरनेस दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर समाज सेवी संगीता यादव, गौ सेवा भक्त मंजू यादव, एक्यूप्रेशर उपचार विशेषज्ञ ख्रीस्त दयाल मिश्रा, महावीर इंटरनेशनल के उपाध्यक्ष प्रमोद सचदेवा, यूथ फॉर सेवा से मदन, छवि, मानसी, सचिन, सिद्धार्थ, आकाश, अदिति, सलोनी, वर्षा, आफरीन आदि उपस्थित थे। दिव्यांग बच्चों द्वारा राष्ट्र गान से कार्यक्रम का समापन किया गया।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पोस्टर बना कर लैंगिक असमानता समाप्त करने का संदेश



**समाचार गेट/जितेंद्र सिंह**

**फरीदाबाद।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद की जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। विद्यालय की सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड व जूनियर रेडक्रॉस प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि महिलाओं का समाज की उन्नति में सर्वोपरि स्थान है और उन का हमेशा ही सम्मान किया जाना चाहिए। हमारे शास्त्रों में भी कहा गया है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यंते, रमन्ते तत्र देवता। अर्थात जहां महिलाओं को सम्मान मिलता है, पूजा होती है देवता वहीं निवास करते है। हमारी संस्कृति में नारी का स्थान सर्वोच्च है किसी भी पूजा अथवा शुभ कार्य महिलाओं की भागीदारी के बिना अधूरा ही रहता है। प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का थीम एक्सीलरेट एक्शन रखी गई है जिसका तत्पर है द्रुत गति से कार्यवाही अर्थात महिलाओं के अधिकारों को बढ़ावा देने और जागरुकता उत्पन्न करने के लिए अब कार्य की गति तेज करने की आवश्यकता है। महिलाओं में निवेश प्रगति में अधिकतम प्रयास किए जाएं जिसका उद्देश्य आर्थिक अशक्तता का समाप्त करना है। इंस्पायर इंक्लूजन के माध्यम से समाज में लैंगिक समानता लाना आवश्यक है। समय के साथ महिलाओं की स्थिति में भी परिवर्तन आया है। इतने परिवर्तन के पश्चात आज भी महिलाएं उत्पीड़ित हैं। आज भी समाज को महिलाओं के लिए अधिक कार्य करने की आवश्यकता है।

# तेरा-मेरा साथ रहे!



**मोहित सिंधु पुत्र सत्तू खांडा एवं नेहा के वैवाहिक कार्यक्रम में राजमल प्रधान, रामनिवास कैंडल, चेयरमैन रघुवीर, बलवीर, राम, जितेंद्र मोर, राजेंद्र मोर, करतार प्रधान, दीपक त्यागी, रामफल पंगाल, रामकुमार पहलवान, आजाद सांगवान, सुरेंद्र कोच, दलजीत मोर, साहिल, धर्मपाल, अजय श्योराण एवं सतीश रेडू आदि मौजूद रहे। चित्र: समाचार गेट**

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 16756 मामलों में से 13,396 मामलों का निपटारा

## लोक अदालत में 122674358 रूपए की राशि के हुए समझौते

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नालसा के तत्वावधान में हालसा से प्राप्त दिशा निर्देश अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चैयरमेन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुशील कुमार के मार्गदर्शन में जिला व उपमंडल की न्यायिक परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत में कुल 6 बेंचों का गठन किया गया था, जिनके माध्यम से विभिन्न मामलों को त्वरित न्याय प्रदान किया गया। लोक अदालत में कई प्रकार के मामलों पर सुनवाई की गई । इस विशेष आयोजन में न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं, वादकारियों और विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्यों ने सक्रिय भाग लिया। लोक अदालत में मामलों का निपटारा आपसी सहमति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में किया गया, जिससे पक्षकारों को शीघ्र एवं प्रभावी न्याय प्राप्त हुआ। लोक अदालत में कुल 16756 मामले लिए गए, जिनमें से 13396 मामलों का निपटारा किया गया। इस प्रक्रिया के दौरान 122674358 की राशि का समझौता किया गया।



राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न मामलों में जिनमें बैंक रिकवरी मामलों 1046 में से 582 निपटाए गए, समझौता राशि 43261058 रूपए, आपराधिक शमनीय अपराध: 246 में से 72 निपटाए गए, समझौता राशि 2131820 रूपए, बिजली बिल (गैर-शमनीय छोड़कर) 279 में से 257 निपटाए गए, समझौता राशि 3776302 रूपए, MACT के 592 मामलों में से 64 निपटाए गए, समझौता राशि 58134434 रूपए धारा 138 हृद्ध अधिनियम के 422 मामलों में से 65 निपटाए गए, समझौता राशि 5047284 रूपए, अन्य सिविल मामलों 1064 में से 283 निपटाए गए, समझौता राशि 5043410 रूपए, अन्य 4170 मामलों में से 3377 निपटाए गए, समझौता राशि 5280050 रूपए, राजस्व के 8795 मामलों में से 8628 निपटाए गए।

सीजेएम नेहा गुप्ता ने कहा कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन से न्यायिक प्रक्रिया को गति मिली और मामलों के त्वरित निपटारे में मदद मिली।

यह पहल न्यायालयों में बढ़ते बोझ को कम करने और नागरिकों को शीघ्र न्याय उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण साबित हुई। राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान पक्षकारों को त्वरित न्याय उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की गईं।

इस पहल से आम जनता को सुलभ और शीघ्र न्याय प्राप्त करने में सहायता मिली। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन विवाद समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और भविष्य में भी इस प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान, विवादों का समाधान पारस्परिक सहमति से किया जाता है, जिससे दोनों पक्षों को न्याय मिलने के साथ-साथ समय और धन की भी बचत होती है।

इस अवसर पर न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं और पक्षकारों की उपस्थिति सराहनीय रही। अगली राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के लिए भी तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं, ताकि अधिक से अधिक मामलों का शीघ्र और सौहार्दपूर्ण निपटारा किया जा सके।

# माउंट अरावली पब्लिक स्कूल के परीक्षा केंद्र को सालाहेड़ी स्कूल में किया शिफ्ट : उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा


**हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से आदेश किए गए जारी।**

**कक्षा दसवीं की 7 मार्च की परीक्षा के बाद तथा 12वीं कक्षा की 10 मार्च की परीक्षा के बाद अगले पेपर नए परीक्षा केंद्र में होंगे**

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि सेकेंडरी व सीनियर सेकेंडरी (मुक्त विद्यालय) की वार्षिक परीक्षा-2025 के लिए नूंह-13 माउंट अरावली पब्लिक स्कूल में स्थापित परीक्षा केन्द्र को दसवीं कक्षा की 7 मार्च को हुई परीक्षा तथा 10 मार्च को होने वाली 12वीं की कक्षा की परीक्षा के बाद नूंह-32, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल सालाहेड़ी में शिफ्ट कर दिया है।

उपायुक्त ने बताया कि माउंट अरावली पब्लिक स्कूल में बने परीक्षा केंद्र को शिफ्ट करने के संबंध में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की ओर से आदेश जारी कर दिए गए है। उन्होंने बताया कि सैकेण्डरी कक्षा की 7 मार्च की परीक्षा के बाद अगले सभी पेपर नए परीक्षा केंद्र में होंगे तथा सीनियर सैकेण्डरी कक्षा की 10 मार्च की परीक्षा होने के बाद सभी पेपर नये परीक्षा केन्द्र में होंगे। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग के माध्यम से माउंट अरावली पब्लिक स्कूल के परीक्षा केंद्र अधीक्षक को भी निर्देश दिए गए हैं कि वह परीक्षा केंद्र शिफ्ट होने की सूचना सभी परीक्षार्थियों को देना जरूर सुनिश्चित करें ताकि कोई भी बच्चा परीक्षा देने से वंचित न रहने पाए।


हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी

Website - www.bseh.org.in

Centre Superintendent, Nuh-13, Mount Aravali Public School.

दिनांक 06.03.2025

उन्होंने बताया कि केंद्र अधीक्षक यह भी सुनिश्चित करें कि सैकेण्डरी कक्षा के सभी परीक्षार्थियों को 7 मार्च व सीनियर सैकेण्डरी कक्षा के सभी परीक्षार्थियों को 10 मार्च की परीक्षा के दौरान नोट करवाते हुए अपने स्तर पर परीक्षा केन्द्र परिवर्तन की सूचना देना सुनिश्चित करें। यह विशेष ध्यान रखा जाए कि कोई भी परीक्षार्थी केन्द्र परिवर्तन की सूचना से वंचित न रहे।

बता दें कि बीते दिनों माउंट अरावली पब्लिक स्कूल में बने परीक्षा केंद्र पर फर्जी परीक्षार्थी पकड़े गए थे, जिसके मद्देनजर हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से परीक्षा केंद्र सालाहेड़ी स्कूल में शिफ्ट करने के आदेश जारी किए गए हैं।

# टेलीग्राम टास्क फ्रॉड मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** टेलीग्राम टास्क फ्रॉड के मामले में थाना साइबर पुलिस सेंट्रल की टीम ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में एक अन्य आरोपी नीतीश यादव को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना सेंट्रल में सेक्टर-28 के रहने वाली एक महिला ने अपनी शिकायत मैं आरोप लगाया कि 26 जुलाई 2024 को उसके पास एक व्हाट्सएप कॉल आया, जिसमें ठग ने घर बैठे पैसे कमाने बारे कहा और अपना नाम भूमि बताया। ठग महिला ने शिकायतकर्ता को एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा। शिकायतकर्ता को बोला गया कि इन्वेस्ट करने का डबल पैसा प्राप्त होगा, जिसके लालच में आकर शिकायतकर्ता ने पेटीएम व बैंक खाते से 2 लाख 18 हजार 446 रूपए निवेश कर दिए। जिस शिकायत पर थाना साइबर सेंट्रल में मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने कार्यवाही करते हुए सतेन्द्र कुमार उर्फ मोन्टी निवासी रेवाड़ी को फरीदाबाद से गिरफ्तार कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया था। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से पूछताछ में आरोपी राहुल का खुलासा हुआ, जिस पर राहुल निवासी भिवानी को भिवानी से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि सत्येंद्र खाताधारक है जिसने



अपना खाता राहुल को बेचा था वहीं राहुल ने बताया कि खाते में फ्रॉड के पैसे आने उपरांत उन पैसों से वह यूएसडीटी खरीदने का काम करता है। वारदात में प्रयोग मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। आरोपियों को पूछताछ के बाद शनिवार को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। अपराधिक रिकॉर्ड अनुसार सत्येंद्र पर पलवल में भी एक साइबर फ्रॉड का मामला दर्ज है।